




बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 11 अप्रैल 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 73 | मूल्य - 5 रुपये














## एसआईआर के बाद 12 राज्यों, केंद्र-शासित प्रदेशों में 6 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटे..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी होने के बाद नौ राज्यों और तीन केंद्र-शासित प्रदेशों की संयुक्त मतदाता सूची से लगभग 6.08 करोड़ मतदाताओं के नाम हट गए हैं। उत्तर प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का दूसरा चरण पूरा हो गया है।

उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, पुडुचेरी, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, गुजरात, मध्यप्रदेश और गोवा की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई है। इन राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 27 अक्टूबर को जब एसआईआर की घोषणा की गई थी, तब इन 12 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों की संयुक्त मतदाता सूचियों में लगभग 51 करोड़ मतदाताओं के नाम थे।

**आंकड़ों के अनुसार, एसआई आर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित राज्यों की संयुक्त मतदाता सूचियों में लगभग 44.92 करोड़ नाम दर्ज हैं, जो 6.08 करोड़ नाम हटाये जाने को दर्शाता है।**

## सूर्यवंशी फिर साबित हुए धुरंधर, रॉयल्स ने आरसीबी को 6 विकेट से हराया

**गुवाहाटी, (भाषा)।**

*भारतीय क्रिकेट के 'धुरंधर' सूर्यवंशी के 26 गेंद में 78 रन की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के मैच में शुक्रवार को गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को छह विकेट से हराकर अपना अश्वमेधी अभियान जारी रखा। उनकी उम्र के बाकी बच्चे जहां दसवीं बोर्ड के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं, वहीं बिहार के समस्तीपुर के 15 वर्ष के इस लड़के ने आरसीबी जैसी दिग्गज टीम के खिलाफ202 रन के लक्ष्य के जवाब में रॉयल्स को दो ओवर बाकी रहते एकतरफा जीत दिलाई।*




ध्रुव जुरेल ने 43 गेंद में नाबाद 81 रन बनाकर 'फिनिशर' की भूमिका बखूबी निभाई। रॉयल्स को एक बार फिर धमाकेदार शुरूआत दी सूर्यवंशी ने जो इस सत्र में नामी गिरामी गेंदबाजों की बखिया उधेड़ने में तनिक भी नहीं हिचकिचा रहे हैं। पिछले मैच में जहां उन्हें जसप्रीत बुमराह का मानमर्दन किया तो इस बार जोश हेजलवुड की बारी थी। टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज हेजलवुड की गेंदों पर सूर्यवंशी ने लगातार तीन चौके जड़े। वहीं तेज गेंदबाज अभिनंदन सिंह की गेंद पर लांग आन सीमा के ऊपर 80 मीटर का छक्का लगाया। उन्होंने 78 रन की अपनी पारी में 74 रन 15 गेंद में आठ चौकों और सात छक्कों के साथ बनाये। जुरेल और सूर्यवंशी ने दूसरे विकेट के लिये 6 . 1 ओवर में 108 रन जोड़े। जुरेल ने अभिनंदन को खासी नसीहत देते हुए उनके एक ओवर में 24 रन बनाये। क्रिकेट जगत में जहां 200 के स्ट्राइक रेट की बात होती है, सूर्यवंशी ने 300 की स्ट्राइक रेट से रन बनाये। ऐसा लग रहा है मानो वह रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज कराने ही नहीं बल्कि आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढने के इरादे से मैदान पर उतरते हैं। इससे पहले रजत पाटीदार की कप्तानी पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने विकेटों के पतन के बीच आठ विकेट पर 201 रन बनाये। पाटीदार ने 40 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों की मदद से 63 रन बनाये। एक समय पर आरसीबी के छह विकेट 94 रन पर गिर गए थे जिसके बाद उन्होंने मोर्चा संभाला। चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली ( 16 गेंद में 32 रन ) समेत गत चैम्पियन आरसीबी के सभी बल्लेबाज तेजी से रन बनाने के प्रयास में आउट हो गए। आखिरी ओवरों में इंपैक्ट सब वेंकटेश अय्यर ने 15 गेंद में 29 रन बनाये जिसमें संदीप शर्मा के आखिरी ओवर में 21 रन बने। मैच से पहले बारिश के कारण खेल देर से शुरू हुआ और पिच में नमी के कारण अतिरिक्त उछाल मिला। रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने फिल साल्ट तथा देवदत्त पडिक्कल को सस्ते में आउट कर दिया।

साल्ट तो पहली ही गेंद पर आउट हो गए। कोहली ने अपनी पारी में सात चौके लगाये लेकिन वह रवि बिश्नोई की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद से आरसीबी के बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं बना सके। बिश्नोई ने कृणाल पंड्या का भी विकेट लिया। वहीं बंगाल प्रीमियर लीग टी20 से चुने गए बृजेश शर्मा ने जितेश शर्मा को पवेलियन भेजा।

उन्होंने टिम डेविड का भी विकेट चटकाया। पिछले साल केकेआर के लिये काफी महंगे बिके वेंकटेश को इंपैक्ट सब के तौर पर भेजना पड़ा और उन्होंने तेजी से रन भी बनाये। लेकिन इसके लिये आरसीबी ने लेग स्पिनर सुयश शर्मा को बाहर रखा जो बिश्नोई की तरह उपयोगी साबित हो सकते थे।

## एनसीएसटी की जांच में नाबालिग निकली मोनालिसा, पति के खिलाफ मामला दर्ज..



**बैतूल (भाषा)।**

प्रयागराज कुंभ में प्रसिद्धि हासिल करने वाली मोनालिसा भोंसले को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की जांच में नाबालिग पाया गया है, जिसके बाद उसकी उम्र को लेकर उठा विवाद और गहरा गया है। इस खुलासे के सामने आने के बाद घुमंतू पारधी समुदाय के लोगों ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल के नाम ज्ञापन सौंपकर मोनालिसा का विवाह 'अमान्य' करने की मांग की।

मोनालिसा ने मार्च में केरल के तिरुवनंतपुरम में फरमान खान से हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार शादी की थी। इसके बाद मोनालिसा के परिजनों ने इस विवाह को 'लव-जिहाद' का नाम दिया था और दावा किया था कि वह नाबालिग है। आयोग द्वारा गठित जांच समिति के निष्कर्षों का हवाला देते हुए स्थानीय भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले महीने केरल में मोनालिसा की अंतरधार्मिक शादी ÷लव जिहाद÷ का मामला था और इसमें कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

एनसीएसटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा आयोग की जांच में पाया गया है कि लड़की नाबालिग है और उसके जन्म प्रमाण पत्र की प्रति वास्तविक है। आयोग की ओर से आगे की कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि चूंकि मामला अदालत में है, इसलिए वह इससे ज्यादा कुछ नहीं बोल सकते। आयोग ने 17 मार्च को उत्तर प्रदेश के निवासी प्रथम दुबे से शिकायत मिलने के बाद एक जांच समिति का गठन किया था। समिति को जांच करनी थी कि वह नाबालिग है कि नहीं और साथ ही यह भी कि कहीं उसका शोषण तो नहीं किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि जांच के निष्कर्षों के आधार पर महेश्वर में मोनालिसा के पति के खिलाफकथित अपहरण और बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। महेश्वर से भाजपा विधायक राजकुमार मेव और भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि केरल में उनकी शादी 'लव जिहाद' का मामला है और मोनालिसा को घर वापस लाया जाना चाहिए। 'लव जिहाद' एक ऐसा शब्द है जिसका इस्तेमाल दक्षिणपंथी संगठन हिंदू महिलाओं को इस्लाम में परिवर्तित करने के लिए मुस्लिम पुरुषों द्वारा शादी के लिए लुभाने की साजिश रचने के लिए करते हैं। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा ने भी आरोप लगाया कि यह 'लव जिहाद' है। मोनालिसा के परिवार के सदस्यों और शिकायतकर्ता दुबे ने कहा कि आयोग द्वारा की गई जांच के अनुसार, महेश्वर सरकारी अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि उसकी जन्मतिथि 30 दिसंबर, 2009 है और इसका मतलब है कि शादी के समय उसकी उम्र 16 साल और दो महीने थी। लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने 25 मार्च को महेश्वर थाने में खान के खिलाफकथित अपहरण और पॉक्सो अधिनियम और एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस सूत्रों ने कहा कि आयोग के निष्कर्षों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2) (अभिभावक की कानूनी हिरासत से नाबालिग को उनकी सहमति के बिना ले जाना) के तहत एक अलग मामला भी दर्ज किया गया था।


### क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..


जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में, संपर्क करें.. मो. 9329033433

### आवश्यकता है..

बच्चो की देख रेख के लिये युवती की आवश्यकता है। वेतन 18000/- एवं रहना खाना घर में ही। पढाई कम से कम 12 वी अनिवार्य। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520

### आवश्यकता है..

ऑफीस कार्य हेतु चपरासी के पद पर कार्य हेतु 12 वी पास, युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी

मो. 7898530101



जग प्रेरणा

# जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी



विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433


## श्रीमंत ट्रस्ट परिवार द्वारा किया गया जैन समाज के बुजुर्गों का शाश्वत अभिनंदन..

### बुजुर्ग वर्तमान पीढ़ी के लिए ज्ञान, अनुभव और संस्कारों के अमूल्य कोष हैं : मुनि नीरजसागर..



जगप्रेरणा सिवनी।

*बुजुर्ग वर्तमान पीढ़ी के लिए ज्ञान, अनुभव और संस्कारों के अमूल्य कोष हैं। वे अपनी संतति को अपनी जड़ों से जोड कर भावनात्मक सहारा प्रदान करते हैं*

और जीवन के कठिन समय में अपने अनुभव एवं सूझबूझ से धैर्य और सही दिशा देने में सहयोगी होते हैं। मानसिक और नैतिक रूप से योगदान देने वाले बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर है वह जीवन के अनुभवों एवं बुद्धिमत्ता से अपनी संतति का मार्गदर्शन करते है।

बीते दिनों जब परमपूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री नीरज सागर जी महाराज एवं मुनिश्री निसंगसागर जी महाराज का सिवनी नगर प्रवास हुआ था तो उन्होंने उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए समाज को प्रेरणा प्रदान करते हुए कहा था कि हमेशा अपने बुजुर्गों का सम्मान बनाए रखना चाहिए ये वे महामना है जिन्होंने स्वयं अनेक कष्ट व संघर्ष सहकर वर्तमान पीढ़ी की सुख समृद्धि के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया किंतु बहुधा देखने में आता है कि उन कुलीन उपकारी माता पिता को जीवन के अंतिम पड़ाव में कृतघ्नी संतान घर से बाहर निकाल वृद्धाश्रम की राह दिखाती है।

### मुनि श्री के वचनों से मिली प्रेरणा..

पूज्य गुरुदेव के वचनों से प्रभावित हो सिवनी नगर के प्रतिष्ठित श्रीमंत सेठ परिवार के वरिष्ठ सदस्य श्रीमंत सेठ प्रदीप कुमार जैन परिवार ने अपने यशस्वी पूर्वजों की स्मृति में अपने श्रीमंत सेठ गोपालसाव पूरनसाव जैन पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा सिवनी जैन समाज के समस्त 80 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के समस्त बुजुर्ग सदस्य सदस्याओं का आयोजित अभिनंदन समारोह में तिलक, माला, शाल, श्रीफ्ल से शाश्वत अभिनंदन पूर्वक सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## जिले में उर्वरकों का पर्याप्त भण्डारण..

जगप्रेरणा सिवनी।

*कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में उपसंचालक कृषि द्वारा खरीफ2026 हेतु उर्वरकी का पर्याप्त भण्डारण किया गया है। वर्तमान में जिले में यूरिया 28489 मैट्रिक टन, डी.ए.पी. 4180 मैट्रिक टन, एन.पी.के.एस. 9012 मैट्रिक*

टन, सिंगल सुपर फास्फेट 8497 मैट्रिक टन एवं एम.ओ.पी. 2231 मैट्रिक टन का भण्डारण है। जिले में थोक उर्वरक विक्रेता डबल लॉक वेन्द्र के धारा यूरिया 4241 मैट्रिक टन, डी.ए.पी. 1724 मैट्रिक टन, एन.पी. के. एस. 3095 मैट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्पेट 577 मैट्रिक टन एवं एम.ओ.पी. 792 मैट्रिक टन का भण्डारण है, निजी थोक उर्वरक विक्रेताओं के पास यूरिया 1802 मैट्रिक टन, डी.ए.पी. 512 मैट्रिक टन, एन.पी. के. एस. 539 मैट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 1068 मैट्रिक टन एवं एम.ओ.पी. 188 मैट्रिक टन का भण्डारण है। एवं फुटकर उर्वरक विक्रेता सेवा सहकारी समितियों में यूरिया 16086 मैट्रिक टन, डी.ए.पी. 1113 मैट्रिक टन, एन.पी. के. एस. 3884 मैट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 2192 मैट्रिक टन एवं एम.ओ.पी. 920 मैट्रिक टन भण्डारित है। जिले के इबल लॉक बेन्द्रों में यूरिया 157 मैट्रिक टन, डी.ए.पी. 80 मैट्रिक टन, एन.पी. के. एस. 105 मैट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 44 मैट्रिक टन एवं एम.ओ.पी. 51 मैट्रिक टन भण्डारित है, मार्केटिंग सोसायटीयों में यूरिया 170 मैट्रिक टन, डी.ए.पी. 53 मैट्रिक टन, एन. पी.के. एस. 7 मैट्रिक टन, सिंगार सुपर फास्फेट 95 मैट्रिक टन एवं एम.ओ.पी. 19 मैट्रिक टन भण्डारित है। इसी प्रकार निजी उर्वरक विक्रेताओं के पास मूरिया 2758 मैट्रिक टन, डी.ए.पी. 436 मैट्रिक टन, एन.पी.के.एस. 882 मैट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 1960 मैट्रिक टन एवं एम. ओ. पी. 95 मैट्रिक टन भण्डारित है। जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरको वा भण्डारण है। शासन के निर्देश अनुसार ई विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरकी का वितरण किया जा रहा है।

उपसंचालक कृषि द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शासन द्वारा ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही शत प्रतिशत उर्वरकों का वितरण कृषकों को किये जाने के निर्देश जारी हुये है। जिले में ईन्टोक्न के माध्यम से उर्वरकों का विक्रय न किये जाने एवं शासन के निर्देशों की अवहेलना किये जाने के कारण 8 उर्वरको विक्रेता संस्थानी के लायसेस निलंबित किये गये है। जिनमें अग्रवाल मशीनरी छपारा, बैनगंगा कृषि सेवा केन्द्र गोपालगंज, माँ विवेणी कृषि केन्द्र सुनवारा, साहू कृषि केन्द्र गोरखपुर, राधा स्वामी ट्रेडर्स कृषि केन्द्र खापाबाजार, अंजु ट्रेडर्स खापाबाजार, मों धरती कृषि सेवा वेन्द्र खैरापलारी एवं साहू कृषि केन्द्र गोपालगंज के उर्वरक लायसेंस निलंबित किये गये। कृषकों से अपील की गई है कि ई-टोक्न के माध्यम से उर्वरकों का उठाव कर सकते हैं।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें मो. 9329033433


## युवती ने किया कीटनाशक का सेवन, जबलपुर में मौत




जगप्रेरणा सिवनी।


*जिले के धूमा थाना अंतर्गत ग्राम बंधा निवासी गायत्री शाहू ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया. जिससे उसकी मौत हो गई।*

घटना के संबंध में बताया जाता है कि धूमा से युवती को जबलपुर रेफर किया गया था, इस दौरान युवती द्वारा नागनदेवरी निवासी युवक का नाम मामले में शामिल बताया गया है, धूमा पुलिस की महिला कांस्टेबल को मृतक के द्वारा बताया गया वहीं युवती के मृत होने के बाद परिजन शव को लेकर धूमा थाने पहुंचे जहां पर उक्त मामले को गंभीरता से लेकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई, बड़ी संख्या में पहुंचे परिजनों के द्वारा पुलिस को अपने बयान में बताए गए युवक के ऊपर कठोर कार्रवाई करने की मांग करते हुए कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात रखी जहां धूमा थाना प्रभारी डोमन सिंह द्वारा प्रकरण की गंभीरता से लेते हुए उचित जांच का भरोसा दिलाया।

## ग्राम पुसेरा में चल रहा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य..

### ग्राम पंचायत और सब इंजीनियर की मिली भगत..





जगप्रेरणा सिवनी।

*जनपद पंचायत सिवनी के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पुसेरा में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है उन्होंने बताया कि गांव में 100 मीटर की सीसी रोड का निर्माण कार्य चल रहा है*

इस दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है ऐसा प्रतीत होता है जैसे इसने इस निर्माण कार्य में सब इंजीनियर एवं पंचायत के बीच बंदरबांट की स्थिति बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मार्ग के निर्माण में देखा गया कि मार्ग निर्माण के दौरान 20 एम एम की सड़क में गिट्टी नहीं डाली जा रही रेत के स्थान पर डष्ट डाली जा रही है। वहीं सड़क के किनारे शोल्डर भी नहीं डाले जा रहे हैं जिससे कम समय में ही सड़क जर्जर होने की सम्भावना बनी हुई है। इस सम्बंध में सचिव का कहना है कि हम शासन के दारा जो निर्देश दिये गये है उस मापदण्ड पर निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## सिवनी में अंबेडकर जयंती पर भाजपा के आयोजन..

### सामाजिक समरसता पर रहेगा विशेष फोकस..

जगप्रेरणा सिवनी।

*भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस वर्ष 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती जिलेभर में भव्य एवं व्यापक रूप से मनाई जाएगी।*

प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के अनुरूप सिवनी जिले के समस्त मंडलों में विविध आयोजन किए जाएंगे।

इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, संविधान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है।

कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं समन्वय हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन द्वारा टीम का गठन किया गया है जिसमें संयोजक मुकेश बघेल, सह-संयोजक श्रीमती आशा ठेहरिया एवं सह-संयोजकः गोपाल पवने दी गयी, जानकारी के अनुसार अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिलेभर में संगोष्ठी, श्रद्धांजलि सभा, रैली, जनजागरूकता कार्यक्रम, संविधान एवं सामाजिक समरसता पर चर्चा जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम के तहत भाजपा संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गांव-गांव तथा वार्ड स्तर तक सक्रिय होकर कार्यक्रमों को सफल बनाने में जुट गए हैं। इससे पूरे जिले में अंबेडकर जयंती पर जनभागीदारी एवं उत्सव का वातावरण देखने को मिलेगा।

## विश्व होम्योपैथी दिवस पर नि:शुल्क होम्योपैथी शिविर आयोजित..





जगप्रेरणा सिवनी।

*विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर जिला आयुष कार्यालय, सिवनी द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर स्थित आयुष विंग में निःशुल्क होम्योपैथी मेगा शिविर का आयोजन किया गया।*

कार्यक्रम जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशवंत माथुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सिवनी श्री दिनेश राय एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। प्रारंभ में डॉ. हैनीमैन एवं भगवान धनवंतरी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के सिद्धांतों एवं जनस्वास्थ्य में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्‌बोधन में होम्योपैथी के महत्व को रेखांकित किया गया। शिविर में कुल 340 मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। शिविर में संधिवात, चर्म रोग, उदर रोग सहित विभिन्न पुरानी एवं जटिल व्याधियों का उपचार किया गया।शिविर में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं।

उक्त शिविर आमजन को सुलभ, प्रभावी एवं सुरक्षित होम्योपैथी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्रमदान कर बोथिया घाट नाला की हुई साफ- सफाई






जगप्रेरणा सिवनी।

*ग्राम पंचायत अहरवाडा, विकासखण्ड केवलारी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था न्यू प्रगति शील समिति चरगांव के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

यह अभियान जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला एवं ब्लॉक समन्वयक श्री अशोक बेंद्रे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्राम अहरवाडा सहजपुरी स्थित बोथिया घाट नाला में सफाई अभियान चलाकर पानी के अंदर जमी गाद एवं कचरे को बाहर निकाला गया।

इससे जल स्रोत को स्वच्छ बनाया गया, ताकि मवेशियों एवं अन्य जीव-जंतुओं को स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके तथा पानी स्नान योग्य भी बन सके। इस अवसर पर न्यू प्रगति शील समिति चरगांव के सचिव राजिक मंसूरी, परामर्शदाता मोतीराम हरदुआ, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अहरवाडा के सदस्य एवं सीएम सीएल डीपी छात्र राकेश पंचेश्वर सहित अन्य ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।


न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी

मो.- 8817448039


## वाहन किराये पर लेने निविदा आमंत्रण..

जगप्रेरणा सिवनी।

**जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के आदेशानुसार कार्यालय जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी के लिए मासिक किराये पर वाहन लेने के लिए दिनांक 10/04/2026 से 20/04/2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक व्यक्ति निविदा की नियम/शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय कलेक्टर खाद्य-शाखा सिवनी जिला पंचायत कार्यालय के सामने कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।**





पितृदोष, कालसर्प, ग्रहणयोग, विषयोग, राहू - केतु, अंगारकयोग, केमद्रमयोग, चाण्डालयोग, एवं अन्य ग्रहो की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, दसमहाविद्या यज्ञ, चण्डी अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
(एसोसिएट प्रोफेसर कामर्स, ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म. प्र.)

ग्रहयोग भवन नर्मदा नगर, शिवमंदिर चौक ,बालाघाट
मो. 09425138638
09406738800



जग प्रेरणा
# शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

शनिवार 11 अप्रैल 2026






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


## बालाघाट के नवेगांव में विवाहिता ने लगाई फांसी, मायके पक्ष ने दहेज हत्या का लगाया आरोप..





### गुस्साये परिजनों ने दामाद को पीटा, सास पर भी लगाए प्रताडऩा के आरोप...





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट गोंदिया रोड पर स्थित ग्राम नवेगांव ग्रामीण थाना अंतर्गत आज 10 अप्रैल 2026 को सुबह 9 बजे लगभग एक विवाहिता श्रीमती प्रशांति (मोनिका) पति ललित राणा उम्र 25 वर्ष की फांसी लगने से मौत का मामला सामने आया,***

जिसमें विवाहिता की मौत की खबर मिलते ही उसके मायके पक्ष के लोग ग्राम बल्हारपुर से जिला चिकित्सालय पहुंचे, जिसके बाद जिला चिकित्सालय में जमकर हंगामा हुआ। मायके पक्ष ने उनकी बेटी और बहन को दहेज के लिये प्रताड़ित करने के आरोपों के साथ ही हत्या कर फांसी पर लटकाये जाने के आरोप लगाये। विवाहिता के पिता ने कहा कि अपनी एक साल की बच्ची को छोड़कर मेरी बेटी फांसी नहीं लगा सकती, उसके पति ने उसे मार डाला है।

गौरतलब है कि आज सुबह जब यह घटनाक्रम हुआ, विवाहिता का शव लेकर उसका पति जिला चिकित्सालय पहुंचा, तथा वहीं से उसने विवाहिता के परिवारजनों को अपनी पत्नी की मौत की सूचना दी। जैसे ही मायके पक्ष के लोग जिला चिकित्सालय पहुंचे, रोते बिलखते परिवारजनों ने आक्रोशित होकर मृतका के पति की पिटाई कर दी, तो वहीं उसकी कार को भी तोड़ फोड़ कर दिया। इस घटना के बाद काफी देर तक हंगामा चलता रहा। पवार समाज से जुड़ा मामला होने के कारण अनेक सामाजिक लोग भी पहुंचे, तथा सभी ने न्यायोचित कार्यवाही की बात की।

### मां और पिता ने लगाए आरोप..

महिला की मां श्यामा पटले ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले उनकी बेटी को मायके से 5 लाख रुपए और कार लाने के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। भाई आदर्श पटले ने बताया कि दोनों की शादी 2022 में हुई थी। भाई ने आरोप लगाया कि यह आत्महत्या नहीं मर्डर है। इसी प्रकार बहन ने कहा कि मेरी बड़ी बहन का पति उसका गला दबा देता था, और उसको बहुत मारता पिटता था, जबकि पिता ने कहा कि बेटी जब शिकायत करती थी तो हम समझाते थे, बेटी सब अच्छा हो जायेगा, लेकिन उसके पति ने उसे मार डाला।

### पति ललित राणा ने बताई यह बात..

पति ललित राणा ने बताया कि जब वह अपनी दुकान से घर लौटा तो उसको पत्नी प्रशांति उर्फ मोनिका बेडरूम में फांसी के फंदे पर लटकी दिखाई दी, जिसके बाद उसने तुरंत एक परिचित की कार उसको जिला अस्पताल लेकर आया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ललित ने बताया कि विवाह चार वर्ष पूर्व हुआ था और उनकी एक वर्षीय बेटी भी है।

### तनाव के बीच प्रशासन ने दी समझाईश..

गौरतलब है कि बालाघाट जिला चिकित्सालय में घंटों तक दोनों परिवार में मारा पीटी गाली गलौच चलती रही, तथा दोनों ही ओर से रिश्तेदारों का जमावड़ा भी होता चला गया। इस स्थिति में प्रशासन को आकर स्थिति संभालनी पड़ी। एसडीएम गोपाल सोनी, सीएसपी मयंक तिवारी ने पवार समाज के पदाधिकारियों को भी बुलाया, और फिर समाज के पदाधिकारियों ने मायके पक्ष को शांत कराया। अधिकारियों की समझाइश पर परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

## बालाघाट में कलेक्टर मृणाल मीना ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 10 अप्रैल को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, एसडीएम बालाघाट श्री गोपाल सोनी,***

संयुक्त कलेक्टर श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिले की सभी तहसीलों के एसडीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री मीना ने सभी तहसीलों में फॉर्मर रजिस्ट्री की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की तथा इससे संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। बैठक में कलेक्टर श्री मीना नें नजूल प्रकरणों की समीक्षा की व सभी तहसीलो के एसडीएम कों कहा कि जो भी पटवारी अपने कार्य में लापरवाही करें उन पर शीघ्र कार्यवाही करें। इसके अलावा आरसीएमएस पोर्टल के अंतर्गत भूमि बंटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन प्रकरणों कि समीक्षा करते हुए कलेक्टर नें सम्बंधित अधिकारियों कों सभी लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन एवं लोकसेवा गारंटी कि समीक्षा करते हुए लंबित शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## बालाघाट में गन्ना उत्पादक क्लस्टरों में स्थापित होंगी गुड़ निर्माण इकाइयां



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में मुख्य फसलों के उत्पादन के साथ-साथ फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।***

इसी क्रम में एमएसएमई विभाग द्वारा माइक्रो एंड स्मॉल इंटरप्राइजेज क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत गन्ना उत्पादक क्लस्टरों में गुड़ निर्माण इकाइयों की स्थापना की पहल की गई है। प्रदेश स्तर पर गन्ना उत्पादक क्लस्टरों के विकास के लिए दतिया, नरसिंहपुर, मंडला और बालाघाट जिलों का चयन किया गया है। इसके तहत 9 अप्रैल 2026 को भोपाल स्थित विंध्याचल भवन में एफपीओ, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और कृषि उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बालाघाट जिले से 5 एफपीओ के प्रतिनिधियों-श्री जगदीश देशमुख, श्री उत्तम पटले, श्री गोपालसिंह पारधी, श्री श्यामराव पटले एवं श्री वीरेंद्र ठाकरे ने भाग लिया। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी कटंगी श्री विशेष बागड़े नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जिले के कटंगी, खैरलांजी, वारासिवनी और किरनापुर विकासखंडों में गन्ने की खेती की जा रही है। इन क्षेत्रों में गन्ना उत्पादक क्लस्टरों का गठन कर गुड़ निर्माण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में कार्यरत एफपीओ, एसएचजी एवं कृषि उद्यमियों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पहल से जिले में गन्ना आधारित गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही गुड़ निर्माण के माध्यम से मूल्य संवर्धन और बेहतर विपणन की संभावनाएं विकसित होंगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

## सिंधी भाषा दिवस पर सिंधु सेना बालाघाट एवं वरिष्ठजनों द्वारा किया गया कढ़ी चांवल का वितरण..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***आज 10 अप्रैल 2026 को सिंधी भाषा दिवस के पावन अवसर पर सिंधु सेना बालाघाट एवं सिंधी समाज के सभी वरिष्ठजनों के संयुक्त तत्वावधान में बालाघाट के सुभाष चौक में पारंपरिक सिंधी व्यंजन कढ़ी-चावल का वितरण किया गया।***

इस आयोजन में समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर आयोजक विशाल मंगलानी ने बताया कि 10 अप्रैल का दिन सिंधी समाज के लिए अत्यंत गौरवशाली है। इसी दिन वर्ष 1967 में भारत सरकार द्वारा संविधान (इक्कीसवां संशोधन) अधिनियम, 1967 के माध्यम से सिंधी भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था। यह निर्णय सिंधी समाज के लंबे संघर्ष, एकता एवं भाषा के प्रति समर्पण का परिणाम था। भारत के विभाजन के पश्चात सिंधी समाज को अपने अस्तित्व, संस्कृति एवं भाषा को सुरक्षित रखने की चुनौती का सामना करना पड़ा। ऐसी परिस्थितियों में सिंधी भाषा को संवैधानिक मान्यता मिलना न केवल एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी, बल्कि इसने आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी मातृभाषा को संजोकर रखने का मार्ग भी प्रशस्त किया।

### यह भी बोले विशाल..

विशाल मंगलानी ने आगे कहा कि सिंधी भाषा दिवस हमें अपनी भाषा, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देता है तथा समाज को एकजुट होकर अपनी पहचान बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। आज के इस आयोजन में पूज्य सिंधी पंत बालाघाट के वरिष्ठजनों की विशेष उपस्थिति रही। समाज के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सिंधु सेना बालाघाट द्वारा समय-समय पर ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर समाज में एकता, भाईचारा एवं सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा दिया जाता है, और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन निरंतर जारी रहेंगे। अंत में, इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी वरिष्ठजनों, सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का हृदय से आभार व्यक्त किया जाता है।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433


## बालाघाट नगर में आज 11 अप्रैल को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन 11 अप्रैल 2026 को दोपहर 2 बजे तुरकर भवन, बालाघाट में किया जाएगा।***

इस अवसर पर अनेक वर-वधु परिणय सूत्र में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत करेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद, पूर्व मंत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, विधायक लांजी राजकुमार कर्राहे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे एवं विधायक कटंगी गौरव पारधी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका परिषद बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर करेंगी। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सत्यनारायण अग्रवाल, श्री रमेश रंगलानी, श्रीमती रेखा विसेन एवं श्री अनिल धुवारे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। नगरपालिका परिषद बालाघाट के उपाध्यक्ष श्री योगेश बिसेन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में नगरपालिका के सभापति एवं पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक भी शामिल होंगे। आयोजकों द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करें और इस पावन अवसर के साक्षी बनें।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*


## बालाघाट जनपद में 77 ग्राम पंचायतों के सचिवों को जल परीक्षण का प्रशिक्षण..

### जल गुणवत्ता निगरानी होगी मजबूत





जगप्रेरणा बालाघाट।

***जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट द्वारा जनपद पंचायत बालाघाट कार्यालय में फील्ड टेस्ट किट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

जल गंगा संवर्धन गतिविधि के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण में 77 ग्राम पंचायतों के सचिव, सहायक सचिव एवं रोजगार सहायकों सहित कुल 87 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम सीईओ जनपद पंचायत श्रीमती ममता कुलस्ते की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड बालाघाट के केमिस्ट सुरेन्द्र राणा एवं ऋतू भैरम ने प्रतिभागियों को एफटीके किट के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित करना तथा जलजनित बीमारियों की रोकथाम करना है। अधिकारियों ने बताया कि एफटीके किट के उपयोग से मौके पर ही पानी की शुद्धता की जांच कर आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को पानी में फ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन, पीएच स्तर और बैक्टीरिया जैसी अशुद्धियों की पहचान करने के तरीके सिखाए गए। साथ ही यह निर्देश भी दिए गए कि प्रत्येक पेयजल स्त्रोत की वर्ष में कम से कम दो बार रासायनिक एवं जीवाणु संबंधी जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ श्रीमती ममता कुलस्ते ने कहा कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पंचायत सचिवों, सहायक सचिवों एवं रोजगार सहायकों को निर्देश दिए कि स्कूलों, आंगनबाडियों और सार्वजनिक नलों के पानी की समय-समय पर जांच सुनिश्चित करें, ताकि जलजनित बीमारियों की रोकथाम हो सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ श्री सत्यम पटेल ने कहा कि एफटीके किट गांव स्तर पर जल गुणवत्ता की तत्काल जांच का सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि सचिव ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों के साथ समन्वय कर जल स्त्रोतों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान कुछ सचिवों ने मौके पर ही स्वयं जल परीक्षण कर अपनी समझ का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक रानी सिंह राजपूत, पीएमयू समन्वयक हरीश झा, शीतल मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बालाघाट जिले में आम फल बहार की नीलामी 13 से 24 अप्रैल तक..

### 9 शासकीय उद्यानों में होगी प्रक्रिया..

जगप्रेरणा बालाघाट।

सहायक संचालक उद्यान, बालाघाट के अधीन जिले की शासकीय पौधशालाओं में वर्ष 2026-27 के लिए आम फल बहार की नीलामी कर विक्रय किया जाएगा। इसके तहत जिले के 9 शासकीय उद्यानों में निर्धारित तिथियों पर नीलामी आयोजित की जाएगी।

सहायक संचालक उद्यान श्री क्षितिज कराडे ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया प्रत्येक निर्धारित तिथि को दोपहर 1:00 बजे से संबंधित उद्यान (रोपणी) स्थल पर प्रारंभ होगी। इच्छुक फल क्रेता नीलामी में भाग लेने से पूर्व कार्यदिवसों में संबंधित रोपणी पर जाकर फलन का अवलोकन भी कर सकते हैं। नीलामी 15 अप्रैल 2026 को शासकीय उद्यान सावंगी (विकासखंड वारासिवनी), (वारासिवनी), 16 अप्रैल शासकीय उद्यान हट्टा (किरनापुर), 17 अप्रैल को शासकीय उद्यान कुरेन्डा (परसवाड़ा), 18 अप्रैल को शासकीय उद्यान अमेडा (लांजी क्षेत्र), 19 अप्रैल 2026 को शासकीय उद्यान सेलवा (कटंगी), 21 अप्रैल 2026 को शासकीय उद्यान मोहगांव (लालबर्रा), 22 अप्रैल 2026 शासकीय उद्यान रेहंगी (बिरसा), 23 अप्रैल को शासकीय उद्यान रामहेपुर (बैहर) एवं 24 अप्रैल 2026 को स्टेशन गार्डन, बालाघाट में की जाएगी। सहायक संचालक उद्यान कार्यालय द्वारा बताया गया है कि नीलामी की सभी शर्तें कार्यालय में कार्यदिवसों के दौरान देखी जा सकती हैं। अन्य आवश्यक शर्तें नीलामी के समय स्थल पर बताई जाएंगी। इच्छुक क्रेताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथियों एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग लें।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजना मोनु बर्वे उकवा
मो. 74156-52935

# नाम बदले, हकीकत नहीं: परसवाड़ा का सांदीपनि विद्यालय बना केवल कागजी सुधार का उदाहरण..

जगप्रेरणा परसवाड़ा (बालाघाट)।

***आदिवासी बहुल परसवाड़ा ब्लॉक में शिक्षा के नाम पर किए जा रहे प्रयोग अब गंभीर सवालों के घेरे में हैं। जिस 'सांदीपनि विद्यालय' को शासन द्वारा आधुनिक, संसाधनयुक्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बताया जा रहा है,***



वह जमीनी स्तर पर केवल नाम परिवर्तन की कहानी बनकर रह गया है। वर्षों से नाम और गणवेश बदलते रहे, लेकिन शिक्षा व्यवस्था, संसाधन और मूलभूत सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका।

## नाम बदलने की लंबी श्रृंखला, पर बदलाव शून्य..

परसवाड़ा का यह विद्यालय पहले 'शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय' के रूप में संचालित था। इसके बाद इसे 'उत्कृष्ट विद्यालय' का दर्जा दिया गया, फिर 'सीएम राइस विद्यालय' बनाया गया और लगभग एक वर्ष पूर्व इसका नाम बदलकर 'सांदीपनि विद्यालय' कर दिया गया।

हर बार नाम परिवर्तन के साथ नई उम्मीदें जगाई गईं। बेहतर शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं और उच्च स्तरीय संसाधनों का वादा किया गया।

लेकिन आज भी छात्रों की अंकसूची में पुराने नाम ÷शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवाड़ा÷ का ही उल्लेख यह बताने के लिए काफी है कि बदलाव कागजों तक ही सीमित है।

## सुविधाओं के दावे बनाम जमीनी सच्चाई..

विद्यालय को स्मार्ट क्लास, आधुनिक प्रयोगशालाओं (लैब) और अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की सुविधाओं से लैस बताया जाता है। लेकिन स्थानीय स्तर पर स्थिति इसके विपरीत बताई जा रही है। सूत्रों और अभिभावकों के अनुसार, न तो यहां आधुनिक लैब पूरी तरह विकसित हैं और न ही अंग्रेजी माध्यम से प्रभावी रूप से पढ़ाई कराई जा रही है। इससे यह सवाल खड़ा होता है कि क्या ये सुविधाएं केवल कागजों और प्रचार तक सीमित हैं।

## गणवेश बदला, पर पढ़ाई वही..

हर नाम परिवर्तन के साथ छात्रों का गणवेश बदला गया, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ा। इसके बावजूद शिक्षण पद्धति और शिक्षा की गुणवत्ता में कोई ठोस सुधार नजर नहीं आया।

## प्रवेश प्रक्रिया पर सवाल, ग्रामीण छात्रों में नाराजगी..

विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया पहले से ही मेरिट व लॉटरी सिस्टम पर आधारित है, जिससे कई योग्य छात्र वंचित रह जाते हैं। अब इस प्रक्रिया को लेकर नए विवाद सामने आए हैं। लगभग 15 किलोमीटर दूर ग्राम क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी छात्र-छात्राओं का आरोप है कि उन्हें प्रवेश नहीं दिया जा रहा। उनका कहना है कि विद्यालय प्रशासन केवल 8 किलोमीटर के दायरे में आने वाले विद्यार्थियों को ही प्रवेश देने की बात कह रहा है। इससे ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के अभिभावकों में खासी नाराजगी है। उनका कहना है कि जब शासन ने 15 किलोमीटर तक के छात्रों को अवसर देने का वादा किया था, तो फिर यह भेदभाव क्यों?

## प्रवेश प्रक्रिया अचानक बंद, बढ़ा असंतोष..

सूत्रों के अनुसार, कक्षा 9वीं और 11वीं व अन्य कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू की गई थी, बताया जा रहा है कि 6 अप्रैल को ही इसे बंद कर दिया गया। इस अचानक निर्णय से कई छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित रह गए, जिससे अभिभावकों में रोष बढ़ गया है। वे इसे पारदर्शिता की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन का उदाहरण बता रहे हैं।

## बस सुविधा का वादा अब तक अधूरा..

शासन द्वारा 15 किलोमीटर तक के विद्यार्थियों को बस सुविधा देने का वादा किया गया था, लेकिन तीन-चार वर्ष बीत जाने के बाद भी यह सुविधा शुरू नहीं हो सकी है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों के लिए विद्यालय तक पहुंचना आज भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

## संकायों की कमी से भविष्य प्रभावित..

ब्लॉक का अग्रणी विद्यालय होने के बावजूद यहां सभी विषयों के संकाय उपलब्ध नहीं हैं। इससे छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार विषय चुनने में कठिनाई हो रही है।विद्यालय में अनुशासन को लेकर सख्ती दिखाई जाती है, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता उसी अनुपात में मजबूत नहीं हो पाई है। इससे छात्रों के समग्र विकास पर भी असर पड़ रहा है।

## अभिभावकों में बढ़ता असंतोष..

अभिभावक यह सोचकर अपने बच्चों का प्रवेश यहां कराते हैं कि उन्हें आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, लेकिन वास्तविक स्थिति सामने आने पर उनका विश्वास कमजोर हो रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के अभिभावकों में प्रवेश और सुविधाओं को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है।

## आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा मॉडल पर सवाल..

आदिवासी बहुल क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा के नाम पर शुरू किए गए इन विद्यालयों की वर्तमान स्थिति यह दर्शाती है कि योजनाओं का क्रियान्वयन अपेक्षित स्तर पर नहीं हो पा रहा है। इससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह पहल वास्तव में शिक्षा सुधार के लिए है या केवल नाम परिवर्तन तक सीमित है।

## नए भवन से उम्मीदें, लेकिन संशय बरकरार..

विद्यालय को नए भवन में शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। उम्मीद है कि इससे व्यवस्थाओं में सुधार होगा, लेकिन वर्तमान हालात को देखते हुए यह संशय बना हुआ है कि क्या इस बार वास्तव में कोई ठोस बदलाव देखने को मिलेगा। परसवाड़ा का सांदीपनि विद्यालय आज उस सच्चाई का प्रतीक बन गया है, जहां योजनाएं तो बड़ी बनाई जाती हैं, लेकिन उनका प्रभाव जमीनी स्तर पर नजर नहीं आता।

यदि शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता और सुविधाओं में वास्तविक सुधार नहीं किया गया, तो यह मॉडल केवल नाम बदलने की कवायद बनकर रह जाएगा। अब आवश्यकता है कि शासन घोषणाओं से आगे बढ़कर ठोस कदम उठाए, ताकि आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को वास्तव में गुणवत्तापूर्ण और समान अवसरों वाली शिक्षा मिल सके।

## मूलभूत सुविधाओं का अभाव..

विद्यालय में पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। नवनिर्मित भवन में भी जल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाई है। एक से डेढ़ हजार छात्रों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है।

वहीं पुराने भवन में लगे वाटर फ्रीजर की सफाई नियमित नहीं होने से स्वच्छता और स्वास्थ्य पर भी खतरा बना हुआ है।

## शिक्षकों की कमी और प्रशासनिक सवाल..

विद्यालय में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त पदों को नहीं भरा गया, जिसके चलते अन्य विषयों के शिक्षकों से पढ़ाई कराई जा रही है। इस तरह की स्थिति न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित कर रही है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े कर रही है।

# शेरपार में जल संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड परसवाड़ा के तत्वावधान में शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 को ग्राम शेरपार में जल संरक्षण विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।***







यह कार्यक्रम जिला समन्वयक एवं ब्लॉक समन्वयक श्री सुशील बर्मन के निर्देशन तथा परामर्शदाता दिनेश वरकड़े की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 9 बालिकाएं एवं 6 बालक शामिल रहे।

प्रतिभागियों में विजय हिरवाने, अतुल नागेश्वर, अंजनी उईके, अभिन्या मंडलेकर, शलोनी, प्रीति, तृप्ति, जगदीश सोनेकर, राहुल खैरवार, गजेंद्र वराडे सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में अक्षांश मंडलेकर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान पर प्रिंस पंचतिलक रहे, जबकि तृतीय स्थान संयुक्त रूप से प्रियांशी राउत एवं विजय ठाकरे को प्राप्त हुआ। विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना था, जिसमें आयोजक पूर्णतः सफल रहे।

# अपर कलेक्टर डीपी बर्मन 'ज्ञान भारतम मिशन' के जिला नोडल अधिकारी नियुक्त..

## प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण व डिजिटलीकरण को मिलेगी गति

जगप्रेरणा बालाघाट।

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत बालाघाट जिले में प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, डिजिटलीकरण एवं प्रचार-प्रसार कार्य को गति देने के लिए अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

यह पहल प्रदेश में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण और उन्हें डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास तथा धर्मस्व विभाग, भोपाल द्वारा संबंधित विभागों एवं नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिसमें कहा गया है कि प्रदेश में उपलब्ध प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियां भारतीय संस्कृति, इतिहास और ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं।

इनके संरक्षण, सूचीकरण और डिजिटलीकरण से न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रहेगी, बल्कि भावी पीढ़ियों को भी इसका लाभ मिलेगा।

÷ज्ञान भारतम मिशन÷ के तहत पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण कार्य के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया है। इसके लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी श्री डीपी बर्मन को स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित कर अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने, जनजागरूकता बढ़ाने तथा पुस्तकालयों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों और निजी संग्रहकर्ताओं से संपर्क स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान केवल सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की प्राचीन ज्ञान परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## ।। जाहिर सुचना ।।

मैं, योगेन्द्र एच. दहीकर, अधिवक्ता बालाघाट अपने पक्षकार बडौदा बैंक, शाखा बालाघाट की ओर से अधिकृत होकर आम सुचना जाहिर करता हूँ, कि -

मेरे पक्षकार के द्वारा एक अचल संपत्ति जो ग्राम बुढी, प.ह. न. 13/1, तह0 व जिला बालाघाट में स्थित खसरा नं. 64/2/1/2 रकबा 0.037 हें., भूमि है, जो श्रीमति पुष्पा बनोटे पति श्री मयाराम बनोटे निवासी वार्ड नं. 02, भटेरा रोड़, बालाघाट तहसील व जिला बालाघाट के नाम व आधिपत्य की है। उक्त संपत्ति को श्री सुनिल बारेकर पिता श्री जियालाल बारेकर निवासी वार्ड नं0. 11, बुढ़ी, शिवमंदिर के पीछे, बालाघाट तह. व जिला बालाघाट के द्वारा क्रय की जा रही हैं, तथा जिसे श्री सुनिल बारेकर पिता श्री जियालाल बारेकर, के द्वारा मेरे पक्षकार से ऋण प्राप्त कर क्रय किया जा रहा हैं, इसलिए मेरे पक्षकार से प्रदत्त ऋण के माध्यम से क्रय करने के कारण उक्त संपत्ति को श्री सुनिल बारेकर पिता श्री जियालाल बारेकर, की ही सहमति से अपने समक्ष बंधक रखा जा रहा है।

यह कि उपरोक्त भूमि संपत्ति श्रीमति पुष्पा बनोटे पति श्री मयाराम बनोटे निवासी वार्ड नं. 02, भटेरा रोड़, बालाघाट तह0 व जिला बालाघाट के द्वारा 1. श्री हरिंचद, 2. श्री शिवचरण पिता श्री जगतराम, जाति कलार निवासी वार्ड नं. 02, बुढ़ी, बालाघाट तह. व जिला बालाघाट से रजिस्टर्ड बैंनामा दिनांक 03.01.1994 के माध्यम से क्रय किया गया था। चूंकि रजिस्टर्ड बैंनामा दिनांक 03.01.1994 जो श्रीमति पुष्पा बनोटे पति श्री मयाराम बनोटे निवासी वार्ड नं0 02, भटेरा रोड़, बालाघाट तह0 व जिला बालाघाट की रजिस्ट्री घर में ही कही रख रखाव में गुम (खो) गई हैं, ऐसी जानकारी मेरे पक्षकार को श्री सुनिल बारेकर पिता श्री जियालाल बारेकर के द्वारा दी है। अतः मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को अपने समक्ष रहन / बंधक रख रहा है, इसलिए ज्ञातव्य हो कि उक्त रजिस्ट्री से कोई संव्यवहार किया जाता हैं, वह अवैध व शुन्य होगा, उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो, तो इस प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे, अवधि बीत जाने पर कोई विचार नही किया जायेगा, तथा मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को रहन रखने हेतु स्वतंत्र होगा।

वास्ते सुचना जानों।
योगेन्द्र एच. दहीकर
दिनांक 10.04.2026.
पेनल एडव्होकेट
बड़ौदा बैंक, शाखा बालाघाट
सर्किट हाउस रोड, आजाद चौक, बालाघाट

## ।। शपथपत्र ।।

मैं शपथकर्ता निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि :- यह कि मैं उपरोक्त वर्णित स्थान का निवासी हूँ। यह कि, मेरा ड्रायविंग लायसेंस क्रमांक **MP**5020240001640 है। उक्त लायसेंस में मेरा नाम **MUKUL** पिता **RAMESH LILHARE** दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरा वास्तविक नाम **MUKUK** पिता का वास्तविक नाम **RAMESH** है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं अन्य दस्तावोजों में दर्ज है। अतः शपथपत्र के आधार पर मेरा वास्तविक नाम **MUKUL** एवं मेरे पिता का वास्तविक नाम **RAMESH** को सत्य माना जावे एवं ड्रायविंग लायसेंस में दर्ज मेरा नाम **MUKUL** पिता **RAMESH LILHARE** के स्थान पर मेरा वास्तविक नाम स्चरुपिता का वास्तविक नाम **RAMESH** दर्ज किया जावे। यदि भविष्य में इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति या विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मुझ पर होगी। अतः शपथपत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन - मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक घोषित करता हूँ कि शपथपत्र में वर्णित समस्त कथन मेरे स्वज्ञान, विवेक व प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्य है अत शपथपत्र पढ़ व समझकर अपने हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

बालाघाट,
दिनांक :- 10-04-2026

शपथकर्ता

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433







# भरवेली में 3 दिवसीय पीर बाबा चिश्ती का उर्स 5 से 7 मई तक, 7 मई को सईद फरीद निजामी की शानदार कव्वाली

जगप्रेरणा भरवेली।

***जिला मुख्यालय से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित मॉयल नगरी भरवेली में हजरत सैयद पीर बाबा चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का 44वां उर्स इस वर्ष भी पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ 5 से 7 मई तक आयोजित किया जा रहा है।***



यह उर्स न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द, एकता और भाईचारे का प्रतीक भी माना जाता है।

उर्स के प्रथम दिन 5 मई, मंगलवार को फज्र की नमाज के बाद गुसल शरीफकी रस्म अदा की जाएगी। इसके पश्चात शाम के समय दरबार परिसर में कुरानखानी एवं मिलाद शरीफ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होंगे और बाबा की शान में नात व तकरीर पेश की जाएगी।

दूसरे दिन 6 मई, बुधवार को उर्स का मुख्य आकर्षण शाही संदल जुलूस रहेगा, जो शाम 5 बजे खादिम मरहूम अबू बकर मूसा के निवास से प्रारंभ होकर भरवेली, हीरापुर, इमलीटेकरा कॉलोनी, सिवनी कैम्प सहित विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए भरवेली बाजार चौक पहुंचकर दरबार में पेश किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु जुलूस में शामिल होकर बाबा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करेंगे। इसी दिन लंगर-ए-आम का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी धर्मों के लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। रात्रि में नागपुर के प्रसिद्ध कव्वाल खलील ताजी द्वारा शमा महफिल सजाई जाएगी, जिसमें सूफियाना कलामों की प्रस्तुति दी जाएगी।

उर्स के अंतिम दिन 7 मई, गुरुवार को रात्रि 9 बजे स्टेट बैंक के पास मेन रोड पर भव्य कव्वाली कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस खास मौके पर मशहूर कव्वाल सईद फरीद निजामी अपनी टीम के साथ सूफी संगीत की प्रस्तुति देंगे, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार है। यह कार्यक्रम उर्स का मुख्य आकर्षण रहेगा।

इस दरगाह के खादिम वसीम मूसा एवं हसनेन मूसा हैं, जिनके मार्गदर्शन में पूरे आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन में विशेष रूप से इमरान युसुफी ताजी, हजरत पीर सैयद नवाज अहमद अली युसुफी ताजी उर्फ सोनू मियां साहब इबला खलीफा की गरिमामयी उपस्थिति भी रहेगी।



उर्स कमेटी के अध्यक्ष नसीम मूसा, उपाध्यक्ष शाहरुख पठान गोंदिया, शहजाद खान राजा, सचिव सोहेल शेख, सहसचिव सलीम खान, अरशद खान सहित अन्य पदाधिकारी आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। वहीं दरबार उर्स कमेटी के पदाधिकारी और समाजसेवी भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

खादिम नसीम मूसा ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उर्स के कार्यक्रमों में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। भरवेली का यह उर्स हर वर्ष धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देता है, जो इसे जिले में एक विशिष्ट पहचान दिलाता है।










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


# माननीय विधायक जी, प्रोटोकॉल के नाम पर इतना घमंड और हंगामा क्यों? जब काम करो तो श्रेय की चाहत रखो..

## वारासिवनी में रेल ओवर ब्रीज के शुभारंभ पर विधायक विवेक पटेल और समर्थकों की हरकतों को लेकर हो रही चर्चाएं..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***आज की राजनीति भी बस अब ऐसी हो चली है, कि माननीय नेतागण की किसी भी कार्य में स्वीकृति से लेकर पूर्णता तक भले ही उनका कोई योगदान ना हो, लेकिन श्रेय लेने की राजनीति में आगे आकर जनता की आंखों में धुल झोंकने के प्रयासों में उनकी ओर से कोई कमी नहीं होती, और जब बात प्रोटोकॉल***



की हो तो मान्यवर, प्रोटोकॉल के घमंड में उपस्थिति के अवसर को ही श्रेय में बदलने का भी कोई अवसर गंवाना नहीं चाहते, और ऐसा ही करके फिर मान्यवर हंगामा भी करना पड़े तो कर बैठते हैं क्योंकि उन्हें तो इस बात से सरोकार कम होता है कि उन्हें श्रेय मिले या ना मिले, लेकिन जिसने वास्तव में काम किया है, उसको श्रेय ना मिल जाए, इसलिये कूटनीतिक तौर पर आजकल फोकट में पाने वालों के ऐसे ही प्रयास हंगामे के साथ नजर आने लगते हैं, तथा ऐसा ही कुछ बालाघाट जिले के वारासिवनी में भी नजर आया, जब ओवरब्रीज का जनता के लिये शुभारंभ किये जाने पर एक तरफ सत्ता पक्ष के साथ इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाने वाले कर्णधार थे, तो वहीं दूसरी ओर वो जिन्हें प्रोटोकॉल के अनुरुप पदासीन होने का अवसर तो मिल ही जाया करता है, परंतु रिबन काटने की लालसा में भी वो पीछे नहीं रहना चाहते।

अब यहां सवाल यह उठता है कि मान्यवर विधायक जी, आखिर इतनी जल्दी क्या है? पहली बार आम जनता ने अवसर दिया, तो नए कार्यों की स्वीकृति, जनता की विभिन्न समस्याओं के समाधान से लेकर आपको जनहित में प्रयास करते रहना चाहिये, लेकिन राजनीति में प्रोटोकॉल में मिले अवसर पर इतना घमंड क्यों कि उस सम्मान की चाहत में हर जगह श्रेय लेने की चाहत में आ खड़े हों? जब आपने किसी कार्य के लिये पहले कोई प्रयास किये नहीं, कार्य की स्वीकृति से लेकर कार्यों की पूर्णता का जब अवसर हो, तो खुद आकर ऐसे कार्यों के लिये जिन मान्यवर के योगदान से कार्य अंजाम तक पहुंचा है, उन्हें धन्यवाद देने का कार्य करते हुए एक आदर्श राजनीति का प्रस्तुतीकरण करते हुए लोकतंत्र का सम्मान बढ़ाना चाहिये, तो वहीं आप वह करते नजर आते हैं जिसे कभी भी सार्वजनिक या निजी जीवन में भी उचित नहीं माना गया।

वास्तव में जब आपने किसी कार्य के लिये किंचित मात्र भी परिश्रम नहीं किये, फिर हर काम में मैंने कराया, मैंने कराया का ढिंढोरा पीटने से क्या क्षेत्र की पूरी जनता भी इस भ्रम में आ जायेगी कि उसका श्रेय आपको देने लगेगी, बल्कि आपकी ऐसी श्रेय लेने की चाहत का परिणाम यह होगा कि समझदार और न्यायप्रिय जनता की नजरों में आप और अधिक गिर जाएंगे और वैसे ही इस तरह की हरकतें वहां तो बिल्कुल भी उचित नहीं जहां जिस अध्यापक से आपने ज्ञान और अवसर प्राप्त किये हों, उनकी कुर्सी पर विराजमान हो भी जाएं तो एक आदर्श शिष्य की भांति अध्यापक का सम्मान करने के लिये खड़ा तो अवश्य रहना चाहिये, जिसके तले आपने राजनीति का विद्यादान प्राप्त किया हो, लेकिन जिस तरह आचरण श्रेय लेने की चाहत में आपके मिजाज में हो चला है, और हंगामा करने से भी गुरेहज नहीं की जा रही है, तो क्षेत्र की जनता में यह बात भी स्वतः उठने लगी है कि माननीय विधायक जी, प्रोटोकॉल का इतना घमंड क्यों? जब काम करो तो श्रेय की चाहत रखो।

आपको याद होना चाहिये कि जिन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र में टोंडया नाले से लेकर दर्जनों पुल, पुलिया, सड़कें, इंडोर स्टेडियम संहित अनेकों सौगातें क्षेत्र की जनता को देने का कार्य किया है, तथा पहली बार जिन्होंने सिर्फ 11 महीने के कार्यकाल में राज्य सरकार में खनिज मंत्री बनकर राज्य सरकार का करोड़ों का फायदा कराकर अपनी योग्यता को साबित किया, तथा कोरोना काल जैसी परिस्थिति में जो क्षेत्र के लिये संजीवनी साबित हुए, ऐसे जननेता जिनकी छांव में एक पद पाकर बाद में आपने उन्हीं की जड़ों को भीतर से काटने का काम करके अपने लिये एक अवसर का मार्ग भी प्रशस्त कर लिया तो क्या प्रोटोकॉल का गुरुर जनता को फिर भ्रमित करने की आपकी कूटनीति बार बार सफल होती रहेगी, यह बात जहां आम जनता के बीच हो चली है, आप भी समझ लें तो निश्चित ही इस बात को समझने से कुछ करके कुछ पा लेने की चाहत भी आपके मन में जन्म ले लेती है तो निश्चित ही यह आपके और क्षेत्र के लिये निश्चित ही लाभदायक सिद्ध हो सकता है, और शायद फिर किसी सम्मान के हकदार भी आप भी हों सके, तो यह स्थितियां निर्मित हो भी सकती है।

### और जब प्रोटोकॉल भी लागु ना हो तो फिर यह हरकत भी कहां उचित थी?

**गौरतलब है कि शासकीय कार्यक्रम हों तो भले ही क्षेत्रीय विधायक का कोई योगदान ना हो, लेकिन प्रोटोकॉल के अनुरुप शासन के कार्यक्रम में विधायक को मंच पर स्थान देकर सम्मान दे दिया जाता है, लेकिन भूमिपुजन, लोकार्पण के कार्यक्रम जिला प्रशासन के माध्यम से तय किये जाते हैं, तथा जबकि वारासिवनी ओवरब्रीज का लोकार्पण मुख्यमंत्री के द्वारा किया जाना प्रस्तावित हो, लेकिन इसके पूर्व जनसुविधा के लिये ब्रीज पर आवागमन शुरु किया जाता है, और क्षेत्र के सांसद एवं अन्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सरपंच द्वारा पूजन करके जनता के लिये आवागमन शुरु कर दिया जाता है, तब यह अजीब बात थी कि विधायक द्वारा पांपलेट बंटवाकर समर्थकों और जनता को यह कहलवाकर आमंत्रित किया जाता है कि आपके सेवक की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को समर्पित बहुप्रतीक्षित रेल ओवर ब्रीज का शुभारम्भ होने जा रहा है, निश्चित ही हास्यास्पद है। यहां यदि विधायक की ईच्छा थी तो विधायक भी अन्य की तरह इस कार्यक्रम में शामिल होकर सरपंच के नेतृत्व में जनता के लिये आवागमन शुरु होने के कार्यक्रम में शामिल हो जाते, और सरपंच का मान बढ़ा देते, लेकिन फीता मैं काटुंगा, मुख्यमंत्री कौन होता है यह कहकर चेले चपाटीयों के साथ हंगामा करके एक घंटे तक ब्रीज पर जनता का आवागमन रोककर पूजा करना और फिर फीता काटने की जिद का प्रदर्शन कर विधायक आखिर क्या साबित करना चाहते थे। विधायक की हठ धर्मिता के कारण आखिर पुलिस बल को मौके पर जाकर लंबे लगे जाम को हटाकर आवागमन सुचारु शुरु करना पड़ा, तो क्या विधायक की ऐसी हरकतों से विधायक के नाम ओवरब्रीज की स्वीकृति और निर्माण का श्रेय कर दिया जायेगा, या ऐसा करके विधायक पूर्व विधायक के प्रयासों से जनता का ध्यान हटाने में सफल हो सकेंगे, विधायक को यह भी अवश्य सोचना चाहिये। फिलहाल वारासिवनी में ओवरब्रीज को लेकर विधायक के द्वारा पूर्व विधायक के कार्यों का श्रेय लेने की चाहत में की गई हंगामेदार कोशिशों से इतना कहा जा सकता है कि विधायक विवेक पटेल को बुद्धिजीवी जनता ने अच्छी तरह से अब धीरे धीरे जरुर समझ लिया है, तथा विधायक विवेक पटेल का काम ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले दिनों में क्षेत्र की जनता विधायक की सोच और कूटनीति को आगे भी अच्छी तरह से समझने लगेगी।**

---

### पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के प्रयासो से स्वीकृत और पूर्ण हुए

# प्रदेश के दुसरे सबसे बडे नवनिर्मित फ्लाईओवर पर शुरु हुआ आवागमन..

### वारा पंचायत के आदिवासी सरपंच ने नारियल फोड़कर वाहनो को किया रवाना..

### ग्राम ग्राम से पहुंचा भाजपा कार्यकर्ताओ का सैलाब..









जगप्रेरणा वारासिवनी।

***प्रदेश के दुसरे सबसे बडे वारा रेल्वे ट्रेक पर फ्लाई ओवर लंबाई 250 मीटर पर आज से सभी तरह के वाहनो के लिये आवागमन शुरू हो गया। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के प्रयासो से स्वीकृत इस***

पुल पर आवागमन शुरू कराते समय जिले की सांसद श्रीमती भारती पारधी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ भाजपा संगठन के पदाधिकारीगण व ग्रामो के कार्यकर्तागण भी अधिक संख्या मे उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के वारासिवनी आगमन के बाद होगा औपचारिक लोकार्पण..

गौरतलब है की पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के विशेष प्रयासो से यह पूल तात्कालिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के कार्यकाल मे सन 2021-2022 के मुख्य बजट मे स्वीक्रत हुआ था। 40 करोड की भारी भरकम राशी से स्वीक्रत इस पूल का 6 अक्टूबर 23 को भव्य समारोह के साथ भूमीपूजन किया गया था। अब निर्माण के बाद मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के वारासिवनी आगमन पर विधिवत लोकार्पण समारोह आयोजित किया जायेगा।

आज आवागमन शुरू कराते समय विशेष रूप से सर्वश्री किशोर अमूले भाजपा जिला उपाध्यक्ष,पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, न पा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे,श्रीमती निर्मला पटले, किरण शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, मिलिंद नगपुरे, वेदप्रकाश पटेल, मनोज दांदरे, प्रदीप शरणागत, सौरभ टैबू पटेल,दीप चैहान,वारा सरपंच सूर्यभान सिंह पुसाम,जप सदस्य श्रीराम गौतम आदि के साथ सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशियो के साथ रैली भी निकाली।

### सन 2021-2022 के मुख्य बजट मे हुआ था स्वीकृत..

गौरतलब है की पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के विशेष प्रयासो से यह पूल तात्कालिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल मे सन 2021-2022 के मुख्य बजट में स्वीकृत हुआ था। 40 करोड की भारी भरकम राशी से स्वीकृत इस पूल का 6 अक्टूबर 23 को भव्य समारोह के साथ भूमीपूजन किया गया था।

ढाई साल से भी कम समय की अवधि मे निर्मित इस पुल के उपर रेल्वे के सबसे गडर को रखते समय इसकी जनमानस ने रील व विडियो तक बनाकर सोशल मिडिया मे अपनी खुशींयो का इजहार किया था।

### भोपाल जाकर मुख्यमंत्री को किया गया है निमंत्रित..

आज भाजपा के शीर्ष जनप्रतिनिधीयो ने इस उपलब्धि का वारा के सरपंच सूर्यभान सिंह पूसाम के हस्ते नारियल फुड़वाकर आवागमन शुरू कर दिया है। मिडिया के सवालो पर प्रदीप जायसवाल ने बताया की दो दिवस पहले ही उन्होने भोपाल जाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव से मुलाकात कर इस फ्लाई ओवर के लोकार्पण के लिये वारासिवनी आने का निवेदन किया है। जिस पर उन्होने जल्द वारासिवनी आगमन की स्वीक्रति प्रदान कर दी है। अब मुख्यमंत्री के आगमन के समय इस सबसे बडे फ्लाई ओवर का विधिवत लोकार्पण अति भव्य समारोह मे किया जायेगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओ ने निकाली रैली, दिखा जबरदस्त उत्साह..

आज भाजपा के जनप्रतिनिधीयो के साथ नगर व ग्राम ग्राम से पधारे भाजपा कार्यकर्ताओ ने एक विशाल रैली निकालकर पूल तक जाने का कार्य किया। भारत मां की आरती भारतीय जनता पार्टी के नारो के बीच भाजपा परिवार की खुशिंया व उत्साह आज तपती धूप मे भी देखते ही बनता था।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा तारीखों के चक्कर में जनता को नही कर सकते परेशान..

भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने मिडिया के सवालो पर कहा की इस सौगात के लिये दोनो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान व डा मोहन यादव को धन्यवाद ज्ञापित करते है। जब इस पूल के लिये बजट मे स्वीक्रति मिली थी तब वे भी मंत्रीमंडल का हिस्सा रहे थे। उनके आग्रह पर ही डा मोहन यादव ने राशी का प्रावधान किया था। भाजपा सदैव गरीब, किसान आदि वर्ग के लिये सेवा का भाव रखती है। हम पूल बन जाने के बाद आवागमन के विषय मे जनता को तारिखो के चक्कर मे परेशान नही करना चाहते है। अत हमने आज अनौपचारिक रूप से आवागमन शुरू करवा दिया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी यही विचार है की हम राष्ट निर्माण का भाव रखते है। हमारे लिये पहले राष्ट फिर दल और फिर व्यक्ति की सेवा के भाव सर्वोपरी है।

### बोले पूर्व मंत्री जायसवाल..

पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने मिडिया के सवालो मे कहा की तात्कालिन समय में उन्होने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अपना समर्थन दिया था। जब उनके विशेष सहयोग से तीन साल मे 6 बडे पूल की स्वीकृती क्षेत्र को मिली थी। जिसमे से तीन पूल बनकर तैयार हो गये है। तीन मे अंतिम चरणो का कार्य तीव्र गति से शुरू है।

हमने क्षेत्र की ड्रांइग बनाकर एक मैप तैयार कर सन 2026 की आवागमन क्रांति की तैयारी की थी। जो पूर्णतः सफल भी हो गयी है। हमने आज सांदिपनी विधालय के विद्यार्थीयों सहित किसानो आदि की सुविधा के मद्देनजर पुल पर आवागमन शुरू करा दिया है। जल्द प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के वारासिवनी आगमन के बाद इसका भव्य लोकार्पण भी किया जायेगा।

---

# किसानों, लाडली बहनों और महंगाई के मुद्दे पर कटंगी में कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन.. सौंपा ज्ञापन..

जगप्रेरणा कटंगी।

***ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटंगी ने गुरुवार को केंद्र और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफमोर्चा खोल दिया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कांग्रेस ने राज्यपाल***





के नाम संबोधित पाँच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए तत्काल हस्तक्षेप की माँग की गई। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि माँगें नहीं मानी गईं तो सड़क पर उतरकर उग्र धरना-प्रदर्शन होगा।

### बोले बोधसिंह भगत..

पूर्व सांसद बोधसिंह भगत ने कहा, भाजपा ने झूठे वादों की सरकार चलाई है। किसान, महिला, युवा सब ठगा महसूस कर रहे हैं। राज्यपाल महोदय से अनुरोध है कि वे संविधान के संरक्षक के नाते सरकार को वादाखिलाफी रोकने के निर्देश दें। बोधसिंह भगत ने आगे कहा कि भाजपा ने चुनाव में गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रु. और धान का 3100 रु. देने का वादा किया था।

लेकिन हकीकत यह है कि न तो घोषित दर पर खरीदी हो रही है और न ही व्यापक स्तर पर उपज तौली जा रही है। मजबूरन किसान बिचौलियों को औने-पौने दाम पर फसल बेच रहे हैं। उन्हांने तत्काल 2700 रु. प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी शुरू करने की माँग की।

### बोले नीरज हीरावत..

ब्लॉक अध्यक्ष नीरज हीरावत ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, ÷यह सिर्फ ज्ञापन नहीं, जनता की आवाज है। अगर 15 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो कटंगी की सड़कें कांग्रेस के धरने से गूंजेंगी। हीरावत ने आरोप लगाया कि सरकार ने हर माह 3000 रु. देने का वादा कर वोट बटोरे, लेकिन आज तक महिलाओं को पूरी राशि नहीं मिल रही। इससे आधी आबादी में नाराजगी है। ज्ञापन में 3000 रु. प्रतिमाह की राशि तुरंत खातों में डालने की उन्होंने माँग उठाई।

### कौन-कौन रहे मौजूद?

ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन दिखा। पूर्व सांसद बोधसिंह भगत ने प्रभारी के रूप में नेतृत्व किया। उनके साथ जनपद उपाध्यक्ष भानुसिंह पटले, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीरज हीरावत, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुनीराम बघेले, पूर्व सेवादल अध्यक्ष नरेश कटारिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीप्रसाद दुबे मौजूद रहे। मंच संचालन नोकेंद्र सिंगनदुपे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन महेश बोरकर ने किया। जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ कपिल मेश्राम भी विशेष रूप से उपस्थित थे। ज्ञापन पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर किए, तथा उपरोक्त प्रमुख पदाधिकायिों के अलावा सुनील जैन, रहमान अंसारी, तोपेश गोकुलपुरे जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस आईटी सेल, गजेन्द्र प्रसाद देशमुख जिला महासचिव, संजय चौकसे पार्षद, मोहन डोंगरवार पूर्व जनपद सदस्य, संजय हरिनखेड़े, विश्वेश्वर कटरे, बलदेव कड़वे, नितिन डोंगेरे, कृष्णा भालाधरे, दीनदयाल कटरे, लिखनलाल बिसेन, डालसिंह देशमुख, राजेन्द्र कांडेकर, दीपक भलावी, अरविन्द मेश्राम, हमीद खान, चुन्नीलाल मोहारे, गणेश लिल्हारे, उत्तम लिल्हारे, राधेश्याम रहांगडाले, संजय चंद्र चौधरी सहित दर्जनों नाम शामिल हैं।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर
● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# किरनाई मंदिर ट्रस्ट निर्माण से ग्रामीणों में हर्ष की लहर क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति..

### अनुविभागीय अधिकारी ने सदस्यों को दिया प्रमाण- पत्र..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***दिनांक 8/4/2026 दिन बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी किरनापुर आकाश अग्रवाल द्वारा किरनापुर की ग्राम देवी मां किरनाई माता मंदिर ट्रस्ट का निर्माण किया गया।***

जिसमें प्रमुख 54 ट्रस्टी है जिनमें 11 लोगों की कार्यकारणी समिति बनाई गई है । ट्रस्ट का अध्यक्ष पंकज अग्रवाल को बनाया गया है जैसे ही प्रमाण पत्र अनुविभागीय अधिकारी द्वारा प्रदान किया गया किरनापुर ग्राम में खुशी की लहर आई सभी ग्रामवासियों के प्रयास से संभव यह हो पाया है साथ ही तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे। संजय सारडा, संजय चौधरी, नन्हे बहेकार, राहुल सारंगपुरे, प्रेम किशोर जांगड़े, समिति उपाध्यक्ष सुरेश रतनेरे, कृष्णा पांचे, सचिव उगेंद्र मेश्राम, सह सचिव निकेश तनु जोशी, कोषाध्यक्ष दीपक दाते, सह कोषाध्यक्ष आशीष सोनी, सदस्य -महेंद्र तारन, भरत यादव गोपी अग्रवाल, रोशनी उपाध्याय, सभी ग्रामवासियों के प्रयास से संभव हो पाया है।

बुजुर्गों व युवाओं वर्ग का कहना है कि किरनाई मंदिर हमारी सांस्कृतिक पहचान है। ट्रस्ट बनने से दान राशि का सही उपयोग हो सकेगा। ग्रामीणों ने जताया आभार।

# अवैध शराब तस्करी का पुलिस ने किया पर्दाफाश, 1 लाख 62 हजार लगात की 9 पेटी शराब जप्त..

### किराना गाड़ी से हो रही थी सप्लाई..





जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी पुलिस को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। खुफिया सूचना के आधार पर परचून किराना गाड़ी की आड़ में तस्करी की जा रही 9 पेटी***

अवैध शराब लांजी पुलिस ने बरामद की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 9 एवं 10 अप्रैल के मध्य रात्रि तकरीबन 1 बजे बालाघाट की ओर से आ रही एक किराना (परचून) लोडेड गाड़ी क्रमांक एमपी 50 जेई 2199 में शराब की तस्करी हो रही थी। लांजी थाना पुलिस को मुखबिर से मिली विश्वसनीय सूचना पर टीम ने गाड़ी को रोका और सघन जांच की।

जांच के दौरान उक्त वाहन से ब्लाइंडर प्राइड की 9 पेटी कुल 81 लीटर विदेशी अवैध शराब कीमत 1 लाख 62 हजार रूपये की बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही वाहन को जप्त कर लिया और चालक सहित संबंधित व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपी का नाम नाम पता पुछने पर अपना नाम उज्जवल उर्फभोला ठाकरे पिता ज्ञानेन्द्र ठाकरे, उम्र 26 वर्ष निवासी कोसमी थाना नवेगांव, हाल मुकाम भानेगांव निवासी बताया गया है। जो कि उक्त किराना वाहन में कूलर, चांवल की बोरियों सहित अन्य सामग्री के साथ अंग्रेजी शराब की तस्करी कर रहा था जो कि शराब को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के खैरागढ़ जिला ले जाया जा रहा था जिसें पुलिस ने जप्त कर लिया है। वहीं इस तस्करी में एक और आरोपी फरार बताया जा रहा है जिसकी पुलिस को तलाश है। लांजी पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमाक 111/26 धारा 34-2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर हिरासत में लिये आरोपी उज्जवल ठाकरे को न्यायालय में पेश किया गया है। तथा जप्त 9 पेटी ब्लेंडर प्राईड व्हिस्की अंग्रेजी शराब कुल 108 बोतल, कुल 81 लीटर कीमत 1 लाख 62 हजार रूपये शराब जप्त कर आवश्यक कार्यवाही की गई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर सतर्क नजर रखी जा रही है। इस तरह की गतिविधियों पर लगातार निगरानी बढ़ाई गई है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयाँ जारी रहेंगी। मामले की गहन जांच चल रही है और इसमें शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

## लांजी के माटी के लाल ने बढ़ाया क्षेत्र का मान..

# डोमेश चिचले बने जीएसटी इंस्पेक्टर



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवा डोमेश चिचले ने कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर जीएसटी विभाग में इंस्पेक्टर पद पर चयनित होकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।***

उनकी इस सफलता से परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा युवाओं के लिए प्रेरणा का संदेश गया है। डोमेश चिचले के पिता श्यामलाल चिचले वन विभाग लांजी में डिप्टी रेंजर के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता श्रीमती शशिकला चिचले गृहणी हैं। वे मूलतः ग्राम मुंडेसरा, तहसील किरनापुर के निवासी हैं। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को लेकर निरंतर प्रयास किया और सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचे।

### शिक्षा से ही तय कर लिया था लक्ष्य..

डोमेश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा पहली से बारहवीं तक लांजी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में पूरी की। छात्र जीवन से ही वे पढ़ाई में मेधावी रहे और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का सपना संजोए रखा। उच्च शिक्षा के लिए वे इंदौर गए, जहां उन्होंने समर्पण और अनुशासन के साथ अध्ययन करते हुए अपने लक्ष्य को साकार किया।

### परिवार और क्षेत्र में उत्साह का माहौल..

डोमेश की इस उपलब्धि पर उनके बड़े पापा मंगलप्रसाद चिचले, चाचा ओमकार चिचले, भाई राजेन्द्र चिचले, बड़ी बहन कुमारी पूजा चिचले सहित परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया है। डोमेश चिचले की सफलता यह साबित करती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, सही दिशा और निरंतर मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे..
मो. 9329033433

## ग्राम पंचायत कुम्हारी कला जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 10/04/2026

### ।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुम्हारी कला जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड, जिला पंचायत फंड, वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री, टाइल पानी टैंकर, मिक्सर मशीन, सेंट्रिंग, वाइब्रेटर, दरवाजे, खिड़की, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, कंप्यूटर सामग्री, सीमेंट कुर्सी, प्लास्टिक कुर्सी, व्हील चेयर, टेबल पेवर, ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री, फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 11 अप्रैल 2026 से 19 अप्रैल 2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत कुम्हारी कला मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा ।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
|---|---|---|
| श्रीमती राधिका ओमप्रकाश कंकरायने | नरेन्द्र कुमार बल्हारखेडे | नंदकुमार भटेरे |

सह .सचिव - अमरलाल मिसारे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कुम्हारी कला जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

# आज भानेगांव पंचायत क्षेत्र में विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण समारोह

### विधायक कर्राहे होंगे मुख्य अतिथि..



जगप्रेरणा भानेगांव।

***ग्राम पंचायत भानेगांव में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन 11 अप्रैल 2026, शनिवार को दोपहर 4 बजे ग्राम***

पंचायत परिसर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर ग्राम में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। ग्राम पंचायत द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में प्राथमिक शाला टेकरी टोला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, सीसी रोड एवं पुलिया निर्माण, आंगनवाड़ी केंद्र के पास नाली निर्माण, कबीर पंथ सभा गृह एवं पेवर ब्लॉक कार्य, नाला सुधार एवं सौंदर्यीकरण, स्कूल ग्राउंड में ओपन जिम सहित कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे होंगे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत लांजी की अध्यक्ष अर्चना रेवेंद्र खोंगले करेंगी। इसके अलावा अजय जनपद उपाध्यक्ष लांजी ज्योति उमरे जिला पंचायत सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रहेगी। ग्राम पंचायत भानेगांव के सरपंच, राम ठाकरे सुरेश पांचें उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# विश्व होम्योपैथिक दिवसः ग्राम घोटी में हुआ निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन





जगप्रेरणा लांजी।

***संचालनालय आयुष विभाग भोपाल के आदेशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर मिलिंद चौधरी के मार्गदर्शन में***

डॉ. सैमुअल हैनीमैन जी के जन्मदिन के अवसर पर विश्व होम्योपैथिक दिवस वर्ष 2026 का आयोजन 10 अप्रैल 2026 को ग्राम पंचायत घोटी में किया गया।

इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शुगर तथा रक्तचाप की जांच की गई। शिविर में आए सभी हितग्राहियों का निःशुल्क इलाज किया गया तथा उन्हें होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक दवाइयाँ निःशुल्क प्रदान की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत घोटी के सरपंच श्रीचंद कामड़े तथा पंचगण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में डॉ. प्रीतेश माटे, डॉ. ओ.पी. नेवारे, होम्योपैथिक फार्मासिस्ट प्रहलाद रणदिवे, शासकीय होम्योपैथिक औषधालय लांजी के स्टाफ तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर नंदोरा, घोटी, देवलगांव के समस्त स्टाफसदस्यों ने अपनी सेवाएँ दीं। शिविर में कुल 130 हितग्राहियों ने लाभ लिया, जिनमें होम्योपैथिक चिकित्सा से 62 तथा आयुर्वेदिक चिकित्सा से 68 हितग्राही शामिल रहे।

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882

SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T./M.R.I.



जग प्रेरणा

# खेल / मनोरंजन





## इंडियन ओपन सीरीज के दिल्ली चरण में पुरुषों की भाला फेंक में रोमांचक मुकाबले की संभावना..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***विश्व चैंपियनशिप फाइनल खेलने वाले सचिन यादव शनिवार को जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) स्टेडियम में होने वाली एक दिवसीय इंडियन ओपन सीरीज के दिल्ली चरण में भाग लेने वाले शीर्ष भारतीय ट्रैक एवं फील्ड सितारों में शामिल होंगे।***

इस एकदिवसीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या को देखते हुए, लगभग सभी स्पर्धाओं में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है। खिलाड़ियों को जेएलएन स्टेडियम में हाल ही में तैयार किए गए मोंडो ट्रैक पर प्रदर्शन करने का अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा। पुरुष भाला फेंक में सभी की निगाहें सचिन पर होंगी, जिन्होंने पिछले साल तोक्यो में अपने पहले विश्व चैंपियनशिप में 86.27 मीटर की दूरी के साथ चौथा स्थान हासिल कर प्रभावित किया था।

एशियाई चैंपियनशिप (2025) के रजत पदक विजेता सचिन यादव ने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया था। वह अपने घरेलू मैदान पर 2026 सत्र की शानदार शुरुआत करने के लिए उत्सुक हैं। उन्हें हालांकि शिवम लोहाकरे, एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता किशोर कुमार जेना और रोहित यादव से कड़ी टक्कर मिलेगी।





गोला फेंक में दो बार के एशियाई खेलों के चैंपियन तजिंदरपाल सिंह तूर भी शनिवार को अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में भी कई दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। 100 मीटर और 200 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अनिमेष कुजूर भुवनेश्वर में हाल ही में इंडोर चैंपियनशिप की निराशा को पीछे छोड़ना चाहेंगे। भुवनेश्वर में वह फाल्स स्टार्ट के कारण अयोग्य हो गये थे।

पिछले महीने भुवनेश्वर में 60 मीटर इंडोर खिताब जीतने वाले गुरिंदरवीर सिंह (100 मीटर के पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक) कुजूर के मुख्य प्रतिद्वंद्वी होंगे। फर्राटा दौड़ में अन्य शीर्ष धावकों में तमिल अरसु एस, प्रणव प्रमोद गुरव और हर्ष संतोष राउत शामिल हैं। पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में सभी की निगाहें राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक विशाल टीके पर होंगी। तमिलनाडु के इस धावक ने अगस्त 2025 में चेन्नई में 45.12 सेकंड का शानदार समय दर्ज किया था।

राष्ट्रीय चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के प्रमुख सदस्यों में से एक मुहम्मद अजमल पिछले सत्र में चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं और उन पर सबकी नजर रहेगी। सोलह चरणों वाली इंडियन ओपन सीरीज का शुभारंभ चार अप्रैल को बेंगलुरु में हुआ, जिसके बाद दूसरा चरण जयपुर में पांच अप्रैल को आयोजित किया गया।

इंडियन ओपन सीरीज के तीसरे चरण दिल्ली को खिलाड़ियों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के कारण प्रतियोगिता सुबह से लेकर देर शाम तक जारी रहेगी। प्रतिभागियों को विभिन्न समूहों में वर्गीकृत किया गया है और सभी दौड़ फाइनल हैं। इस आयोजन में सीनियर वर्ग के अलावा पुरुष और महिला दोनों वर्गों के लिए जूनियर वर्ग में भी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## दादी की शादी कराती दिखेंगी रणबीर कपूर की बहन, कपिल शर्मा संग कर रहीं फिल्मी डेब्यू, इस तारीख को होगी रिलीज..

डेस्क जगप्रेरणा।

***रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा कपूर भी अब जल्द ही अपना फिल्मी डेब्यू करने वाली हैं। रिद्धिमा की डेब्यू फिल्म 'दादी की शादी' 8 मई को रिलीज होने वाली है। फिल्म में कपिल शर्मा भी अहम किरदार निभाते नजर आने वाले हैं।***

सोशल मीडिया पर रिलीज डेट की घोषणा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'दादी इंटरनेट और नियमों को तोड़ रही हैं! क्या परिवार उनके साथ है या उनके खिलाफ? 'दादी की शादी' में जानिए, जो 8 मई को रिलीज हो रही है। जेनरेशन डी से जेनरेशन जेड तक - सभी आमंत्रित हैं।'

### बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी रिद्धिमा..

नीतू कपूर और कपिल शर्मा के साथ मुख्य भूमिकाओं में, 'दादी की शादी' से नीतू की बेटी और अभिनेता रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा कपूर साहनी बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। इसके अलावा, इस बहुप्रतीक्षित ड्रामा की स्टार कास्ट में सादिया खतीब भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का एक दिल को छू लेने वाला पोस्टर भी जारी किया है,





जिसमें फिल्म के अनोखे टाइटल और रिलीज डेट की घोषणा की गई है, जिससे दर्शकों को इस आनंदमय, आश्चर्यजनक और बेहद भावुक पारिवारिक मनोरंजन की एक झलक मिलती है। आरटीके स्टूडियोज, बीइंगयू स्टूडियोज और शिमला टॉकीज प्रोडक्शन द्वारा निर्मित, 'दादी की शादी' को आशीष आर. मोहन ने लिखा और निर्देशित किया है।

### फिल्मों में डेब्यू के बाद खुश हैं रिद्धिमा..

पिछले साल मई में शूटिंग पूरी करने के बाद, रिद्धिमा ने एक भावपूर्ण नोट लिखकर बॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बनने के अपने पहले अनुभव को साझा किया। उन्होंने लिखा, 'पहली बार के अनुभव हमेशा खास होते हैं, क्योंकि यही 'पहली बार' के अनुभव हमारे जीवन भर के ज्ञान की नींव रखते हैं। 52 दिनों तक, 200 से अधिक लोग इस दिल को छू लेने वाली, हास्यपूर्ण और खूबसूरत फिल्म को बनाने के लिए एक साथ आए। हमने योजना बनाई, नृत्य किया, हंसते-रोते और रोते-हंसते रहे, और मैं बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि जब यह फिल्म आपके सिनेमाघरों में रिलीज होगी तो आप भी जश्न में शामिल हों। इससे पहले रिद्धिमा ने नेटफ्लिक्स के शो 'फैबुलस लाइव्स वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स' में एक कैमियो भूमिका निभाई थी, जहां उन्होंने महीप कपूर, सीमा सजदेह, नीलम कोठारी और भावना पांडे के साथ स्क्रीन साझा की थी।

## आयुष शेट्टी ने क्रिस्टी को हराकर एशियाई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शुक्रवार को यहां इंडोनेशिया के दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराकर उलटफेर करते हुए अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल करने के साथ बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई।***

विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने एक कड़े मुकाबले वाले क्वार्टरफाइनल में ऊंची रैंकिंग पर काबिज क्रिस्टी पर लगातार दबदबा बनाते हुए जोरदार स्मैश की बदौलत 23-21, 21-17 से जीत दर्ज की। मौजूदा अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी का सामना अब थाईलैंड के शीर्ष वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण से होगा जो पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता और 2023 विश्व चैंपियन हैं।

यह क्रिस्टी और शेट्टी के बीच टूर पर पहली भिड़ंत थी। शेट्टी कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के साथ मिलकर रणनीति रूप से पूरी तरह तैयार दिखे जो पहले क्रिस्टी के भी कोच थे। भारतीय खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के हर शॉट का करारा जवाब दिया और अपने कोण और अनुशासित डिफेंस से उन्हें परेशान कर दिया।

शेट्टी शुरु में शेट्टी 2-0 और 5-3 से आगे चल रहे थे, लेकिन क्रिस्टी ने फिर नियंत्रण बनाकर स्कोर 6-5 कर लिया। इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने अपनी गति और कोण में लगातार बदलाव किया जिससे छह फुट चार इंच लंबे भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बन गया। क्रिस्टी इस तरह 9-6 से आगे हो गए और ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बनाए थे।





मंगलुरु के शेट्टी ने शानदार वापसी करते हुए जल्द ही अंतर खत्म कर दिया। हालांकि कुछ 'अनफोर्स्ड' गलतियों के कारण क्रिस्टी एक बार फिर 14-11 और 16-13 से आगे निकल गए। शेट्टी ने फिर अपने प्रतिद्वंद्वी को गलतियां करने पर मजबूर कर दिया। क्रिस्टी शॉट्स की लंबाई का सही अंदाजा नहीं लगा पाए और लाइन के पास शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को कोर्ट से बाहर मार बैठे। हालांकि इसके बावजूद क्रिस्टी ने 18-16 की मामूली बढ़त बनी हुई थी।क्रिस्टी की नेट गलती और एक 'वाइड रिटर्न' से शेट्टी ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 से बराबर कर लिया।

शेट्टी के गेंद को कोर्ट से बाहर करने से इंडोनेशियाई खिलाड़ी को दो 'गेम प्वाइंट' मिल गए। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने एक तेज 'डाउन-द-लाइन स्मैश' और नेट के पास एक 'विनर शॉट' लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। फिर उन्होंने एक 'गेम प्वाइंट' हासिल कर लिया।

क्रिस्टी ने 'क्रॉस-कोर्ट स्मैश' से इसे बचा लिया लेकिन अगला शॉट नेट में लगा बैठे। इसके बाद कोर्ट से बाहर शॉट से पहला गेम गंवा दिया। दूसरे गेम में शेट्टी और भी ज्यादा आक्रामक दिख रहे थे। उन्होंने अलग-अलग तरह के स्मैश का इस्तेमाल करते हुए 5-2 की बढ़त बना ली। क्रिस्टी ने वापसी करते हुए स्कोर 5-5 और 6-6 तक पहुंया, लेकिन एक सर्विस गलती ने शेट्टी को बढ़त दिला दी। क्रिस्टी की एक और गलती के बाद ब्रेक तक शेट्टी दो अंक की बढ़त बनाए थे और इसे बढ़ाकर 13-9 कर दिया।

क्रिस्टी को टाइमिंग में दिक्कत हो रही थी और शेट्टी इसका फायदा उठाकर 17-13 से आगे निकल गए। इंडोनेशियाई खिलाड़ी 16-17 के स्कोर पर काफी करीब आ गया था लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने एक जोरदार स्मैश लगाकर फिर से मैच पर अपना नियंत्रण बना लिया। क्रिस्टी ने स्कोर का अंतर कम करके 17-18 कर दिया। लेकिन एक और तेज स्मैश और एक लंबे रिटर्न ने शेट्टी को तीन मैच प्वाइंट दिला दिए। क्रिस्टी का शॉट नेट में गिरने से शेट्टी ने मैच अपने नाम कर लिया।

## मलालत और माफी के बाद बादशाह ने किया नया ऐलान, फिर से रिलीज होगा टटीरी गाना, करने पड़े ये बदलाव...

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड सिंगर और रैपर बादशाह बीते दिनों अपने गाने टटीरी को लेकर विवादों में घिरे रहे। इस गाने में अपने भद्दे लिरिक्स और स्कूली ड्रेस में डांस करती मॉडल्स को दिखाया गया था। इस गाने के रिलीज होते ही हरियाणा महिला आयोग समेत तमाम सामाजिक संगठनों ने इसके खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई।***

बाद में बादशाह के खिलाफशिकायतें भी दर्ज हुई और उन्हें राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने माफी मांगनी पड़ी थी। अब मलालत और माफी के बाद बादशाह ने टटीरी गाने को नए अंदाज में रिलीज करने का ऐलान किया है। बादशाह ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को 'टटीरी फिर से' गाना रिलीज किया जाएगा।

### क्यों डिलीट करना पड़ा था गाना?

बादशाह ने कुछ दिनों पहले अपना ये गाना टटीरी रिलीज किया था। लेकिन गाने में कुछ लिरिक्स काफी गंदे थे। साथ ही इस गाने के वीडियो में बादशाह ने स्कूल ड्रेस में लड़कियों को डांस भी कराया था। गाने के रिलीज होने के बाद बादशाह पर फूहड़ता फैलाने और महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई करने को लेकर खूब आलोचना का शिकार होना पड़ा था। राष्ट्रीय महिला आयोग की फटकार के बाद बादशाह को गाना डिलीट करना पड़ा था।



इतना ही नहीं बादशाह ने यहां माफी मांगते हुए फिर कभी इस तरह की गलती नहीं दोहराने का वादा किया था। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर 50 स्कूली छात्राओं का खर्च उठाने की भी जिम्मेदारी ली थी।

### अब नए वर्जन के साथ आएगा गाना..

टटीरी गाने को अब बादशाह एक बार फिर से काफी बदलाव के साथ दोबारा रिलीज कर रहे हैं। इसको लेकर बादशाह ने एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें उन्होंने लिखा, 'मेरे हरियाणा के लोगों और दुनियाभर से जुड़े साथियो, पिछले कुछ हफ्तों में हमने अपने गीत टटीरी को लेकर सरकारी अधिकारियों, महिला आयोग, समाज सेवियों और हमारी संस्कृति की परवाह करने वाले कई लोगों को सुना है। उसी के आधार पर हमने जरूरी बदलाव किए हैं और जो भी हिस्सा अपमान जनक माना गया, उसे हटा दिया गया है। मैं इस प्रतिक्रिया और उसके पीछे की भावना का सम्मान करता हूं। एक कलाकार होने के साथ-साथ, अपनी समाज और संस्कृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी उतनी ही अहम है।

साथ ही मेरे लिए संगीत हमेशा अपनी जड़ों, अपनी भाषा, अपने लोगों और अपनी कहानियों को एक बड़े मंच तक ले जाने का जरिया रहा है। 'टटीरी फिर से' उसी सफर का अगला कदम है। आपना साथ, आपकी आवाज और आपका विश्वास ही है जिसने इस गाने को जिंदा रखा है। उम्मीद है इसका नया रूप वही ऊर्जा और वही सम्मान लेकर चलेगा। टटीरी फिर से गाना 14 अप्रैल को सभी प्लेटफॉर्म पर मौजूद रहेगा।'

## हॉकी इंडिया ने जूनियर महिला टीम के कोच के तौर पर खांडेकर की जगह टिम वाइट को नियुक्त किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को तुषार खांडेकर की जगह ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी कोच टिम वाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। खांडेकर 2023 से जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ थे।***

राष्ट्रीय महासंघ ने इस बदलाव के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और वाइट के अनुबंध के कार्यकाल का खुलासा भी नहीं किया। वाइट ने हाल में इस साल जनवरी में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में 'अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स' के मुख्य कोच के तौर पर काम किया था। उन्हें बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया में भी कोचिंग करने का अनुभव है।

भारत आने से पहले वाइट बेल्जियम की अंडर-21 महिला टीम के कोच थे और उन्होंने पिछले साल जूनियर विश्व कप में टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 2021 से 2024 के बीच बेल्जियम की सीनियर राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफका भी एक अहम हिस्सा थे।

इस दौरान टीम की विश्व रैंकिंग 12वें स्थान से सुधरकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई थी। इसके अलावा टीम ने 2024 के पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल तक भी जगह बनाई थी। वाइट ने अपने करियर की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय जूनियर टीम के कोच का पद संभाला था और टीम को जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक दिलाया था।



हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में वाइट ने कहा, ''हाल में तमिलनाडु ड्रैगन्स के कोच के तौर पर भारत में समय बिताने के बाद मैं इस देश के हॉकी के प्रति जुनून और समृद्ध संस्कृति से प्रभावित हुआ।' उन्होंने कहा, 'जूनियर विश्व कप में भारत के खिलाफ कोचिंग करते हुए मैंने यहां की युवा प्रतिभाओं को करीब से देखा है। ऐसे जुनूनी खिलाड़ियों के साथ एक पूर्णकालिक कोच के तौर पर काम करने का मौका मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।'

उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य तकनीकी रूप से दक्ष खिलाड़ी तैयार करना है जो जूनियर और सीनियर टीम के बीच के अंतर को पाटने और सीनियर टीम में अपनी जगह बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हों।' वाइट ने यह भी कहा कि वह खेल को सरल रखने के साथ टीम के खिलाड़ियों की सामूहिक और व्यक्तिगत मजबूती पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हम एक ऐसी टीम बनने का लक्ष्य रखेंगे जो आक्रामक हॉकी को महत्व दे, लेकिन साथ ही अपनी रक्षात्मक संरचनाओं में भी पूरी तरह से अनुशासित रहे। यह जरूरी है कि हम शारीरिक रूप से कड़ी मेहनत करें ताकि पूरे 60 मिनट तक शीर्ष स्तर का प्रदर्शन कर सकें।'

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने वाइट का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि वह खिलाड़ियों के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, 'बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया के जूनियर कार्यक्रम के साथ उनका शानदार ट्रैक रिकॉर्ड उनकी कहानी बयां करता है, खासकर जूनियर विश्व कप में टीम को पोडियम तक पहुंचाने में उनकी सफलता।'

उन्होंने कहा, 'हमारा मानना है कि हाई-परफॉर्मेंस कोचिंग और खिलाड़ियों के विकास में उनका विशाल अनुभव हमारी जूनियर महिला टीम को सीनियर अंतरराष्ट्रीय हॉकी की चुनौतियों के लिए तैयार करने में बेहद अहम साबित होगा।'

## रणदीप हुड्डा ने अलग अंदाज में बताया बेटी का यूनिक नाम, बेहद खास है मतलब, ठीक एक महीने बाद दिखाया चेहरा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड के शानदार एक्टर रणदीप हुड्डा और उनकी पत्नी मॉडल व अभिनेत्री लिन लैशराम इन दिनों सातवें आसमान पर हैं। शादी के करीब डेढ़ साल बाद इस कपल के जीवन में एक नन्ही परी का आगमन हुआ है। दोनों ही पेरेंटहुड एंजॉय कर रहे हैं और रणदीप अपनी बेटी संग खास पल बिता रहे हैं।***

हाल ही में अपनी बेटी के जन्म का एक महीना पूरा होने के खास अवसर पर रणदीप और लिन ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी इस खुशी को और बढ़ाते हुए बेटी का प्यार और यूनिक नाम बता दिया है। माता-पिता बनने के इस नए सफर को उन्होंने अपने जीवन का सबसे भावुक और खूबसूरत अनुभव बताया है।

### नन्ही परी का खास नाम और उसका गहरा अर्थ..

बेटे के जन्म के एक महीने बाद इस जोड़े ने आखिरकार अपनी लाडली के नाम का खुलासा कर दिया है। रणदीप और लिन ने अपनी बेटी का नाम न्योमिका रखा है। यह नाम न केवल सुनने में मॉडर्न और मधुर है, बल्कि इसका अर्थ भी बेहद गहरा है।

'न्योमिका' का अर्थ दिव्य कृपा, स्वतंत्रता और आकाश की तरह असीम होता है। दिलचस्प बात यह है कि इस नाम का चयन रणदीप की बहन अंजलि हुड्डा ने किया है, जो इस नामकरण को परिवार के लिए और भी भावनात्मक और यादगार बनाता है। रणदीप ने अपनी पोस्ट में बताया कि जैसे ही उन्होंने यह नाम सुना, उन्हें तुरंत महसूस हो गया कि यह उनकी बेटी के लिए बिल्कुल सही है।



### दिखाई बेटी की झलक..

रणदीप ने अपनी बेटी और लिन की खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिसमें पहली बार बेटी का चेहरा देखने को मिला। लिन उसे गोद में लिए और सीने से लगाए नजर आ रही हैं, वहीं रणदीप हुड्डा बार-बार बेटी के नाम को पुकार रहे हैं, उनकी आवाज आप तस्वीर में लगे वॉइस नोट में सुन सकते हैं। रणदीप ने कैप्शन में लिखा, 'हमारी दुनिया में एक नया चैप्टर, न्योमिका हुड्डा- दिव्य कृपा, स्वतंत्रता और आकाश की तरह असीम।' इस पोस्ट को देखने के बाद लोग बेटी के नाम को अलग और अनोखा बता रहे हैं।

### सांस्कृतिक विरासत और प्रेम की मिसाल..

रणदीप और लिन की प्रेम कहानी किसी फिल्म से कम नहीं है। दोनों की मुलाकात नसीरुद्दीन शाह के थिएटर ग्रुप के दौरान हुई थी। लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद, उन्होंने 29 नवंबर 2023 को शादी के बंधन में बंधने का फैसला किया। हरियाणा के जाट परिवार से ताल्लुक रखने वाले रणदीप ने अपनी पत्नी की मणिपुरी संस्कृति का पूरा सम्मान करते हुए इम्फाल में पारंपरिक मैतेई रीति-रिवाजों से शादी की थी। उस दौरान सफेद धोती और पगड़ी पहने रणदीप की तस्वीरों ने इंटरनेट पर खूब सुर्खियां बटोरी थीं। यह शादी सादगी और सांस्कृतिक एकता की एक सुंदर मिसाल मानी जाती है।

### पेशेवर मोर्चे पर रणदीप हुड्डा..

निजी जीवन में पिता बनने की इस बड़ी खुशी के साथ-साथ रणदीप अपने करियर पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आने वाले समय में वह फिल्म 'ईथा' में नजर आएंगे।

इस फिल्म में वह अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं और प्रशंसकों को रणदीप के एक और दमदार अभिनय का बेसब्री से इंतजार है। फिलहाल रणदीप और लिन अपना पूरा समय अपनी बेटी न्योमिका की परवरिश और उसके साथ बिताए जा रहे हर पल को संजोने में लगा रहे हैं।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स





## साणंद-धोलेरा में बनेगा भारत-ताइवान औद्योगिक पार्क, गुजरात सरकार ने किया समझौता..

अहमदाबाद, (भाषा)।

***गुजरात सरकार ने शुक्रवार को ताइवान स्थित एलीजेंस इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड के साथ साणंद-धोलेरा क्षेत्र में एक भारत-ताइवान औद्योगिक पार्क विकसित***



करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर और संबंधित क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देना है। राज्य सरकार द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस प्रस्तावित औद्योगिक पार्क से ताइवान के उद्योगों, विशेष रूप से सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्रों से 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित होने की उम्मीद है। साथ ही, इससे अगले पांच वर्षों में लगभग 12,000 प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है।

गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में राज्य के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा एलीजेंस इंटरनेशनल के बीच इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता भारत और ताइवान के उन उद्यमों के बीच व्यावसायिक सहयोग को सुविधाजनक बनाने का प्रयास करता है जो देश में, विशेषकर गुजरात में अपना परिचालन स्थापित करना चाहते हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि गुजरात सेमीकंडक्टर विनिर्माण के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है और वर्तमान में राज्य में 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं विकास के चरण में हैं। यह पहल 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' के अनुरूप है और इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), रोबोटिक्स और आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में राज्य के उत्पादन तंत्र को मजबूत करना है।


इस समझौता ज्ञापन पर एलीजेंस ग्रुप के चेयरमैन और 'ताइवान चैंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडिया' के उपाध्यक्ष साइमन ली तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव पी भारती ने गुजरात के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अर्जुन मोढवाडिया की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस सहयोग से गुजरात और ताइवान के बीच संबंध और मजबूत होने की उम्मीद है, जिससे उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों और संबंधित आपूर्ति श्रृंखला वाली कंपनियों को सहायता मिलेगी।

## रखरखाव को लेकर बिजलीघरों को नहीं किया जाएगा बंद, 10,000 मेगावाट होगा अतिरिक्त उत्पादन

नई दिल्ली, (भाषा)।

***बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने गर्मियों में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए मरम्मत और रखरखाव के लिए संयंत्रों की अस्थायी रूप से बंदी को टालने और अतिरिक्त क्षमता को***



चालू करने का फैसला किया है, ताकि करीब 10,000 मेगावाट की अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव पीयूष सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि आम तौर पर बिजली संयंत्रों में सालाना रखरखाव के लिए उसे कुछ समय तक बंद किया जाता है, लेकिन फिलहाल इस बंदी को टाल दिया गया है ताकि उच्च मांग के दौरान बिजली उपलब्धता बनी रहे।

उन्होंने कहा कि इस कदम से 10,000 मेगावाट अतिरिक्त उत्पादन संभव होगा जो पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण एलएनजी आपूर्ति में बाधा से प्रभावित लगभग 8,000 मेगावाट क्षमता की भरपाई करेगा।

सिंह ने कहा कि आयातित कोयले पर आधारित संयंत्रों को पूरी क्षमता से संचालित किया जा रहा है और तापीय संयंत्रों में पर्याप्त कोयला भंडार रखा जा रहा है, ताकि अल्पकालिक आपूर्ति दबाव को संभाला जा सके।

उन्होंने कहा कि देश की कुल स्थापित बिजली क्षमता 531 गीगावाट से अधिक हो चुकी है और गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से ऊपर है। सरकार की अगले तीन महीनों में 22,361 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता जोड़ने की योजना है, जिसमें 3,500 मेगावाट तापीय, 10,000 मेगावाट सौर, 2,400 मेगावाट पवन, 1,900 मेगावाट बैटरी स्टोरेज, 3,461 मेगावाट हाइब्रिड (सौर-पवन), 750 मेगावाट पनबिजली और 250 मेगावाट पंप्ड स्टोरेज परियोजनाएं शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि देश के पास लगभग पांच लाख सर्किट किलोमीटर का पारेषण नेटवर्क और 120 गीगावाट से अधिक अंतर-क्षेत्रीय अंतरण क्षमता है, जो विभिन्न क्षेत्रों के बीच बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करता है।

दीर्घकाल में, 2031-32 तक कुल स्थापित क्षमता 874 गीगावाट तक पहुंचने और गैर-जीवाश्म स्रोतों की हिस्सेदारी 67 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। इसके साथ ही ऊर्जा भंडारण क्षमता को 300 गीगावाट-घंटे और पारेषण नेटवर्क को करीब 6.5 लाख सर्किट किलोमीटर तक बढ़ाने की योजना है।

मंत्रालय ने कहा कि हाल के वर्षों में नए गैस या आयातित कोयले पर आधारित संयंत्रों की योजना नहीं बनाई गई है और घरेलू ईंधन आधारित संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है।

## बैंकों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार में तेजी, सेंसेक्स 919 अंक चढ़ा

मुंबई, (भाषा)।

***वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को बैंकों में तगड़ी खरीदारी आने से बढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 918.60 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 275.50 अंक की बढ़त दर्ज की गईय्***



विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट नरम पड़ने की संभावना, अमेरिका-ईरान वार्ता की उम्मीदें और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 918.60 अंक यानी 1.20 प्रतिशत चढ़कर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 990.85 अंक उछलकर 77,622.50 के स्तर तक चला गया था।

वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 275.50 अंक यानी 1.16 प्रतिशत बढ़कर 24,050.60 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

दूसरी तरफ सन फार्मा, इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स ने कुल 4,230.7 अंक यानी 5.77 प्रतिशत की छलांग लगाई जबकि एनएसई निफ्टी में 1,337.5 अंक यानी 5.88 प्रतिशत की बढ़त रही।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ÷पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद से तेल की कीमतें नरम हुईं, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा। इससे भारत जैसे उभरते बाजारों में निवेश के प्रति रुझान मजबूत हुआ।÷

बीएसई पर सूचीबद्ध 3,360 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 945 कंपनियों में गिरावट रही और 144 अन्य अपरिवर्तित रहे।

व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.64 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.50 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

क्षेत्रवार सूचकांकों में वाहन खंड में सर्वाधिक 2.75 प्रतिशत की तेजी रही जबकि पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.27 प्रतिशत, टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 2.20 प्रतिशत और औद्योगिक खंड में 2.19 प्रतिशत की बढ़त रही। इसके उलट, बीएसई आईटी और फोकस आईटी खंड नुकसान में रहे।

एक्विरस वेल्थ के प्रबंध निदेशक एवं व्यवसाय प्रमुख अंकुर पुंज ने कहा, ÷वैश्विक बाजारों में आई तेजी का असर भारतीय बाजार पर पड़ा, जहां बैंक, वाहन और रियल्टी शेयरों में जोरदार खरीदारी ने पूरे दिन बाजार में सकारात्मक माहौल बनाए रखा।÷

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोपीय बाजार भी सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.57 प्रतिशत बढ़कर 96.47 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 1,711.19 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 955.90 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

इससे पहले, बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 931.25 अंक गिरकर 76,631.65 और निफ्टी 222.25 अंक फिसलकर 23,775.10 अंक पर बंद हुआ था।

## राजस्थान के किसान, वैज्ञानिक, निवेशक और नीति निर्माता को 'ग्राम' देगा एक मंचः मुख्यमंत्री

जयपुर, (भाषा)।

***राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर काम कर रही है।***

उन्होंने 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) 2026' से पहले आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यह सम्मेलन 23 से 25 मई तक जयपुर में आयोजित होगा, जिसमें किसान, वैज्ञानिक, निवेशक और नीति-निर्माता भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से किसानों को नई कृषि प्रौद्योगिकी और वैश्विक तौर-तरीकों की जानकारी मिलेगी।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 15 अप्रैल से ग्राम पंचायत स्तर तक जागरूकता रथ भेजे जाएंगे, जो सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ सुझाव भी एकत्र करेंगे।

शर्मा ने राज्य के कृषि उत्पादन का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान बाजरा, सरसों, तिलहन, जौ एवं ग्वार के उत्पादन में देश में अग्रणी है जबकि मूंग एवं मूंगफली में दूसरे और सोयाबीन में तीसरे स्थान पर है।



उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने, रासायनिक उर्वरकों का सीमित उपयोग करने और मिट्टी परीक्षण कराने की सलाह दी। साथ ही, पानी के कुशल उपयोग के लिए स्प्रिंकलर जैसी तकनीकों को बढ़ावा देने की भी बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में 4.8 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित की गई है। इसके अलावा 12,476 जल भंडारण संरचनाएं और 32,918 किलोमीटर सिंचाई पाइपलाइन विकसित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' के तहत 12 लाख से अधिक पशुओं का बीमा किया गया है, जबकि मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से लगभग 60 लाख पशुओं का उपचार किया गया है।

उन्होंने बताया कि 'मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना' के तहत किसानों को प्रति लीटर पांच रुपये का प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश सम्मेलन' के दौरान कृषि क्षेत्र में 43,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

उन्होंने किसान कल्याण योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार केंद्र की पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाली 6,000 रुपये की सहायता के अतिरिक्त 3,000 रुपये देती है और इसे बढ़ाकर कुल 12,000 रुपये करने की योजना है।

इस अवसर पर राज्य के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीना ने कहा कि सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

कार्यक्रम में मुख्य सचिव वी श्रीनिवास एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## इफको ने नैनो उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए 560 जिलों में अभियान शुरू किया

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लि. (इफ्को) ने नैनो तरल उर्वरकों के बारे में जागरूकता पैदा करने और पारंपरिक मिट्टी के पोषक तत्वों के उपयोग को कम करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है।***




शुक्रवार को एक बयान में, सहकारी संगठन ने कहा कि उसने भारतीय किसानों के बीच नैनो उर्वरकों को अपनाने के लिए 'इफ्को नैनो उर्वरक जागरूकता महाअभियान' शुरू किया है।

यह अभियान 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 560 जिलों और 3,477 तहसीलों को अपने दायरे में लेगा। इफ्को के चेयरमैन दिलीप संघानी ने कहा, ''भारत आज एक ऐतिहासिक चौराहे पर खड़ा है जहां परंपरा तकनीक से मिलती है, और यह संगम है जो भारतीय कृषि के लिए एक नई दिशा बना रहा है।''

संघानी ने बताया कि इस अभियान का मकसद नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो एनपीके, नैनो जिंक और नैनो कॉपर का बड़े पैमाने पर प्रचार करना है, किसानों को सही तरीके से इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण देना, खासकर पत्तियों पर छिड़काव करना, पुराने उर्वरक पर निर्भरता कम करना और सहकारिता नेटवर्क के जरिए आखिरी आदमी तक पहुंच पक्का करना है।

इफ्को ने नैनो तरल यूरिया प्लस की 218 लाख से ज्यादा बोतलें और नैनो तरल डीएपी की 64.26 लाख से ज्यादा बोतलें बेची हैं। इसके नैनो जिंक और नैनो कॉपर उत्पादों ने भी अपने पहले साल में एक के बाद क्रमशः एक 57 लाख और दो लाख बोतलों की बिक्री दर्ज की।

संघानी ने कहा, ''नैनो यूरिया प्लस की एक 500 मिलीलीटर की बोतल, पुराने यूरिया की तुलना में कहीं बेहतर पोषक क्षमता देती है और साथ ही मिट्टी की सेहत में गिरावट, पानी के प्रदूषण और भारत की उर्वरक आयात पर निर्भरता जैसी बड़ी चुनौतियों का भी समाधान करती है।''

## डॉलर के मुकाबले रुपया 32 पैसे टूटकर 92.83 पर बंद..

मुंबई, (भाषा)।

***अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले शुरुआत बढ़त को गंवाते हुए 32 पैसे टूटकर 92.83 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े जोखिमों सहित वैश्विक तनाव के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई।***



विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार वैश्विक अनिश्चितता के बीच रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों के लिए प्रत्येक दिन के लिए 'नेट ओपन पोजिशन' (कुल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों और देनदारियों का अंतर) 10 करोड़ डॉलर तक सीमित करने के निर्देश की समय-सीमा शुक्रवार को खत्म हो गई, जिसके कारण रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.58 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.41 के ऊपरी स्तर को छूने के बाद अंत में 92.83 पर बंद हुआ।

यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 32 पैसे की गिरावट है। रुपया बृहस्पतिवार को तीन पैसे की मामूली बढ़त के साथ 92.51 पर बंद हुआ था। आईएफए ग्लोबल ने एक शोध पत्र में कहा, ''अमेरिका-ईरान युद्धविराम की स्थिति अभी साफ नहीं है। हालात किस दिशा में जाएंगे, इसे लेकर काफी अनिश्चितता बनी हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से अब भी बंद है।''

छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत बढ़कर 98.84 पर रहा। युद्धविराम के बाद सुरक्षित निवेश के रूप में डॉलर की मांग घटी है, लेकिन निचले स्तरों पर इसे फिर से समर्थन मिल रहा है।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 96.86 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने पर बनी अनिश्चितता के कारण तेल की कीमतों में तेजी बनी हुई है।

घरेलू शेयर बाजार की बात करें तो सेंसेक्स 918.60 अंक उछलकर 77,550.25 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 275.50 अंक चढ़कर 24,050.60 पर पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को 672.09 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

# कारगिल युद्ध के हीरो कर्नल सोनम वांगचुक का निधन, रक्षा मंत्री और सेना ने दी श्रद्धांजलि..



डेस्क जगप्रेरणा।

*कारगिल युद्ध के हीरो और महावीर चक्र से सम्मानित सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्नल सोनम वांगचुक का शुक्रवार को निधन हो गया। उनके निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सेना ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है।*

बता दें कि कर्नल वांगचुक ने कारगिल युद्ध के दौरान बेहद विषम परिस्थितियों में अपनी टीम को संभाला था और दुश्मन पर जवाबी हमला करके उसके सैनिकों को मार गिराया था।

## 'एक साहसी और कर्तव्यनिष्ठ सैनिक थे कर्नल वांगचुक'..

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त करते हुए कर्नल वांगचुक को एक साहसी और कर्तव्यनिष्ठ सैनिक बताया। उन्होंने कहा कि वे लद्दाख का गौरव थे और उन्होंने हमेशा देश की सेवा को प्राथमिकता दी। सिंह ने कहा कि ऑपरेशन विजय के दौरान दुर्गम ऊंचाई वाले इलाकों में उनका नेतृत्व और साहस सैनिकों के लिए प्रेरणा बना।

## 'उनका जीवन साहस, सेवा और एकता का प्रतीक था'

भारतीय सेना ने भी कर्नल वांगचुक के निधन पर गहरा दुख जताया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। सेना ने उन्हें एक बहादुर सैनिक, समर्पित नेता और लद्दाख का सच्चा बेटा बताया, जिनका जीवन साहस, सेवा और एकता का प्रतीक था।

सेना ने उनके वीरता पुरस्कार के संदर्भ में बताया कि 30 मई 1999 को, उस समय मेजर रहे सोनम वांगचुक ऑपरेशन विजय के दौरान बाटालिक सेक्टर में एक सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे। उनकी टीम को 5,500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित एक महत्वपूर्ण रिज लाइन पर कब्जा करने का जिम्मा दिया गया था, ताकि दुश्मन उसे इस्तेमाल न कर सके।

## विषम परिस्थितियों में दुश्मन के छुड़ा दिए थे छक्के..

इस दौरान दुश्मन ने अचानक हमला कर दिया, जिसमें लद्दाख स्काउट्स के एक जवान की मौत हो गई। कठिन परिस्थिति में भी मेजर वांगचुक ने अपनी टीम को संभाला और बहादुरी दिखाते हुए जवाबी हमला किया। उन्होंने दुश्मन के ठिकाने पर हमला कर दुश्मन देश के 2 सैनिकों को मार गिराया और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। उनकी इस अदम्य वीरता के लिए उन्हें महावीर चक्र से सम्मानित किया गया, जो भारत का दूसरा सबसे बड़ा सैन्य सम्मान है।

## जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी कर्नल वांगचुक को दी श्रद्धांजलि..

लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स ने भी उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा कि कर्नल वांगचुक का साहस, नेतृत्व और देशभक्ति हमेशा याद रखी जाएगी। उनका योगदान कठिनतम परिस्थितियों में देश की जीत में बेहद महत्वपूर्ण रहा। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सभी सैन्य अधिकारियों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।

# किसी ने हत्या कर फेंका या खुद ही डूबा हर्षित, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया एमिटी स्टुडेंट की मौत का सच..



डेस्क जगप्रेरणा।

*नोएडा की एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ चुकी है। इसमें कहा गया है कि उसकी मौत दम घुटने से हुई थी। छात्र की सांस की नली में कीचड़ और रेत मिली है। इसके साथ ही उसके शरीर में कोई बाहरी चोट नहीं पाई गई। इससे साफ होता है कि छात्र की हत्या नहीं की गई।*

बल्कि, पानी में डूबने से ही उसकी मौत हुई है। मृतक हर्षित के परिजनों ने आरोप लगाया था कि हत्या करने के बाद उसके शव को पानी में फेंका गया है। हर्षित के परिजनों का कहना था कि उसे तैरना आता था। ऐसे में डूबने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। हालांकि, चश्मदीदों का कहना है कि वह इससे पहले भी पानी भरे गड्ढे में गया था। इस बार डूबने से उसकी मौत हो गई। विस्तृत जांच के लिए विसरा सुरक्षित रख लिया गया है।

## बुधवार को डूबा था हर्षित..

गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी और निजी विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा (स्नातक) के अंतिम वर्ष का छात्र हर्षित भट्ट बुधवार को सेक्टर-126 थाना क्षेत्र के सेक्टर-94 स्थित एक परित्यक्त निर्माण स्थल पर पानी से भरे गड्ढे में डूब गया था। पुलिस उपायुक्त (नोएडा) साद मियां खान ने बताया कि छात्र परीक्षा समाप्त होने का जश्न मनाने के लिए अपने चार दोस्तों के साथ वहां गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, ÷मौज-मस्ती के दौरान भट्ट नहाने के लिए पास में पानी से भरे गड्ढे में उतरा और अचानक डूब गया।÷ उन्होंने बताया कि घटना की सूचना उसके एक साथी ने डायल-112 पर पुलिस को दी।

## गोताखोरों ने बाहर निकाला..

सूचना मिलते ही पुलिस और 'पीआरवी' कर्मी मौके पर पहुंचे तथा स्थानीय गोताखोरों की मदद से छात्र को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस उपायुक्त खान ने बताया कि भट्ट को बचाने के प्रयास में पानी में उतरे अन्य छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और उनकी हालत स्थिर है। इस बीच, भट्ट की मां ने आरोप लगाया कि उसके शरीर पर काले निशान थे, जिससे घटना पर संदेह पैदा होता है।

## पुलिस को नहीं मिली औपचारिक शिकायत..

पुलिस ने हालांकि कहा कि अब तक परिजनों की ओर से कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है और शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बचाव कार्य में मदद करने वाले एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मदद की आवाज सुनकर वह और अन्य लोग मौके पर पहुंचे तथा दो छात्रों को बाहर निकालने में सफल रहे। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, 'उन्होंने (छात्रों) बताया कि यह उनकी आखिरी परीक्षा थी और वे पिकनिक मनाने और पार्टी करने आए थे। उनमें से एक नहाते समय गहरे पानी में चला गया।'

# कांगड़ा में श्रद्धालुओं को ले जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत, 26 घायल..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में शुक्रवार को पंजाब से श्रद्धालुओं को ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटकर गहरी खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।*

पुलिस के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार दोपहर को राष्ट्रीय राजमार्ग-503 (धर्मशाला-मुबारकपुर-किरतपुर मार्ग) पर ढलियारा के पास राधा स्वामी सत्संग घर के निकट हुआ। वाहन में सवार 35 श्रद्धालु चिंतपूर्णी मंदिर से ज्वालामुखी मंदिर जा रहे थे, तभी पहाड़ी रास्ते पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और यह (वाहन) खाई में जा गिरा। देहरा के पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को तुरंत देहरा के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया।

मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। घायलों में से छह की हालत गंभीर है और उन्हें टांडा स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सरकारी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि अन्य का इलाज देहरा के अस्पतालों में कराया जा रहा है। छह यात्री सुरक्षित बताए गए हैं।

पुलिस ने देहरा थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यात्रियों के परिवहन के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग, जोकि कानूनन प्रतिबंधित है, हादसे की भयावहता का कारण हो सकता है। हालांकि, दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है।

# डूबने से पहले खुशी-खुशी राधे-राधे का जप कर रहा था तीर्थ यात्रियों का दल..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में शुक्रवार को वृन्दावन भ्रमण पर आया पंजाब के तीर्थयात्रियों का एक दल यमुना नदी में डूबने से पहले खुशी खुशी राधे-राधे का जप कर रहा था। एक नाव के यमुना में डूबने से ठीक पहले का एक वीडियो तेजी से प्रसारित होने से मालूम पड़ा कि सभी यात्री उस समय खुशी-खुशी तालियां बजाते हुए राधे-राधे का जाप कर रहे थे।*

यमुना नदी में श्रद्धालुओं/पर्यटकों से भरी एक नौका के पलट जाने से 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लापता हैं। इस वीडियो से यह भी पता चला है कि नाव में सवार इन यात्रियों में से किसी को भी नाविक ने 'लाइफ जैकेट' नहीं पहनाई थी, न ही उनमें से किसी ने भी स्वयं इस ओर ध्यान दिया। मोटर चालित नाव (मोटरबोट) में दो दर्जन से अधिक तीर्थयात्री सवार थे। ये सभी पंजाब के लुधियाना, मुक्तसर, जगरांव से आए थे। उनमें कुछ सदस्य हरियाणा के हिसार से भी आए बताए जा रहे हैं। जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह के मुताबिक इस हादसे में अब तक 10 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 16 व्यक्तियों को बचाया गया है। मौके पर मौजूद आगरा परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि बचाए गए एवं घायल तीर्थयात्रियों को जिला संयुक्त चिकित्सालय, मांट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पाक आतंकी शहजाद भट्टी के लिए काम कर रहा युवक देहरादून से गिरफ्तार..




जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*उत्तराखंड के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और पुलिस ने यहां प्रेमनगर क्षेत्र में एक युवक को गिरफ्तार किया है जो कथित रूप से पाकिस्तानी आतंकवादी और आइएसआई एजेंट शहजाद भट्टी के लिए काम कर रहा था।*

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने यहां संवाददाताओं को बताया कि झाझरा का विक्रांत कश्यप (29) देहरादून के प्रतिष्ठित सरकारी एवं सैन्य संस्थानों की 'लोकेशन' एवं 'फुटेज' पाकिस्तान भेज रहा था।

उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने और उनके संबंध में मिल रही खुफिया सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार देर रात राज्य एसटीएफतथा देहरादून पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रेमनगर क्षेत्र से कश्यप को 0.32 बोर की एक अवैध पिस्तौल, सात जिंदा कारतूस एवं एक स्प्रे पेंट की केन के साथ गिरफ्तार किया।

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी इन्स्टाग्राम एवं व्हाटसअप के माध्यम से पाकिस्तान में बैठे आंतकी शहजाद भट्टी एवं उसके अन्य साथी राणा के लगातार सम्पर्क में था। सिंह ने बताया कि एसटीएफ को जानकारी मिल रही थी कि भारत में आतंक फैलाने के लिये पाकिस्तान से आतंकवादी संगठन भारतीय युवकों को इन्स्टाग्राम एवं सोशल मीडिया के अन्य माध्यमों से फॉलोअर्स बनाकर उनसे 'स्लीपर सैल' के रूप में अवैध गतिविधियां करवा रहे हैं। सिंह ने बताया कि पूछताछ में कश्यप ने बताया कि वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला का फैन है और उसकी हत्या करने वालो से बदला लेना चाहता था इसलिए वह भटटी के संपर्क में आया।

एसएसपी ने बताया कि भट्टी द्वारा कश्यप को कुछ काम दिये गये जिसमें देहरादून एवं आसपास के मुख्य स्थानों, थानों तथा महत्वपूर्ण भवनों और संस्थानों जैसे आईएसबीटी, पुलिस मुख्यालय आदि की वीडियों एवं फुटेज भेजना शामिल था। इसके बाद उसे यह भी बताया गया कि इन जगहों को उसे बम से उड़ाना है।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में कश्यप ने बताया कि इसके बाद भट्टी ने उसे देहरादून के महत्वपूर्ण भवनों और संस्थानों पर ''तहरीक-ए-तालिबान- हिन्दुस्तान'' (टीटीएच) लिखने तथा उसका वीडियो भेजने को कहा गया। इस पर कश्यप ने एक अस्पताल, एक फैक्टरी तथा एक मंदिर के पास स्प्रे पेंट से टीटीएच लिखकर उसकी वीडियो बनाकर भट्टी को भेजा। पुलिस का कहना है कि इसके बाद, भट्टी ने उसे दिल्ली स्थित एक संगठन के कार्यकर्ताओं पर हथगोला फेंकने का काम दिया।

पुलिस के अनुसार इन सभी कामों के बदले कश्यप को नेपाल के रास्ते दुबई ले जाकर वहां सेटल करने तथा अच्छा पैसा देने का प्रलोभन दिया गया। पुलिस के मुताबिक यह भी पता चला कि कश्यप 2024 एवं 2025 में पंजाब के नाभा में रहा था जहां वह ट्रक की बॉडी बनाने का काम करता था। सिंह ने बताया कि कश्यप के मोबाइल फोन से भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं जिन पर विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर आगे कार्रवाई की जा रही है।

# स्कूल में मधुमक्खियों के हमले में 9 वर्षीय छात्र की मौत, आधा दर्जन से अधिक घायल..



डेस्क जगप्रेरणा।

*मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले से एक बेहद दुखद घटना की खबर सामने आई है। यहां सोयत कला में स्वामी विवेकानंद स्कूल में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया।*

मधुमक्खियों के हमले में एक 9 साल के बच्चे की मौत हो गई। वहीं, इस घटना में करीब आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए हैं। मधुमक्खियों के हमले से घबराकर बच्चे इधर-उधर भागने लगे।

## कक्षा 4 का छात्र था मृतक..

मृतक छात्र कक्षा 4 का छात्र था। मिली जानकारी के अनुसार, घटना के समय स्कूल में परीक्षा चल रही थी। इस घटना से स्कूल परिसर में दहशत का माहौल है।

## घायलों का इलाज जारी..

घटना के तुरंत बाद स्कूल प्रशासन और स्थानीय लोगों ने घायल बच्चों को नजदीकी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं, रमन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद झालावाड़ रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल..

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दुखद घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने स्कूल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# ढाबे पर खाना खाते समय हुआ विवाद, कुख्यात अपराधी की गोली मारकर हत्या..



पी.टी.आई (भाषा)

राजस्थान के दौसा जिले के कोथून मार्ग पर जमात चौराहे के पास शुक्रवार को ढाबे पर खाना खाते समय हुए विवाद के दौरान एक कुख्यात अपराधी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सीपा ने बताया कि जमात चौराहे के पास ढाबे पर कुछ युवक खाना खा रहे थे। खाना खाने के दौरान युवकों में पुरानी रंजिश के चलते कहासुनी हो गई। उन्होंने बताया कि एक युवक ने मंडावरी निवासी धर्मेंद्र उर्फ योगेंद्र मीणा (27) को गोली मार दी, उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से जयपुर रेफर कर दिया गया। धर्मेंद्र की उपचार के दौरान मौत हो गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि धर्मेंद्र मंडावरी थाने का कुख्यात अपराधी था। उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में कई प्रकरण दर्ज हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं।*

*जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
सुरेश गावते देवरी
मो. 9420886573

# किसानों की तरह विविध कार्यकारी सेवा सहकारी संस्थाओं को भी मिले कर्जमुक्तिः सहकार भारती की मांग

### सहकार क्षेत्र को मजबूत करने पर जोर..

### राज्यस्तरीय बैठक में विशेषज्ञों की अहम राय..







जगप्रेरणा आमगांव।

***सहकार भारती महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हाल ही में लोणावला (पुणे) में आयोजित की गई। इस बैठक में सहकार क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख***

पदाधिकारी, बैंकिंग क्षेत्र के अधिकारी तथा ग्रामीण विकास के विशेषज्ञ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदय जोशी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पाचपोर, भारतीय रिजर्व बैंक के संचालक सतीश मराठे, महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक के प्रशासक विद्याधर अनास्कर, महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक एसोसिएशन के अध्यक्ष भाऊ फ्ड, प्रदेश अध्यक्ष दत्ताराम चाळ्के, महामंत्री विवेक जुगादे सहित कई मान्यवरों ने भाग लिया।

इस दौरान राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों की उपलब्धियों, सहकार क्षेत्र के विस्तार, संपर्क अभियान, उद्योग वर्धिनी सोलापुर एवं भगीरथ ग्रामविकास प्रकल्प की सफलता जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए विविध कार्यकारी सेवा सहकारी संस्थाओं को मजबूत करना बेहद जरूरी है। इन संस्थाओं के माध्यम से किसानों, ग्रामीण उद्यमियों और लघु उद्योगों को कर्ज, मार्गदर्शन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, लेकिन कई संस्थाएं पूंजी की कमी और प्रशासनिक अड़चनों के कारण प्रभावी ढंग से कार्य नहीं कर पा रही हैं।

विशेषज्ञ प्रा. सुभाष आकरे ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों की कर्जमाफी सराहनीय कदम है, जिससे किसानों और जिला मध्यवर्ती बैंकों को राहत मिली है। लेकिन विविध कार्यकारी सेवा सहकारी संस्थाओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। कर्ज की अदायगी के दौरान राशि ब्याज में समायोजित हो जाती है, जिससे इन संस्थाओं का अस्तित्व संकट में पड़ रहा है।

उन्होंने मांग की कि जैसे किसानों को कर्जमुक्ति दी गई, उसी प्रकार इन सहकारी संस्थाओं को भी कर्जमुक्त किया जाए। सहकार भारती के माध्यम से इस मांग को राज्य सरकार तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का भी आह्वान किया गया।

बैठक में यह भी सुझाव दिए गए कि सहकारी संस्थाओं के प्रबंधन में पारदर्शिता लाई जाए, तकनीक का अधिक उपयोग किया जाए, सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाए और सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए। साथ ही सहकारी बैंकों के माध्यम से इन संस्थाओं को समय पर पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि कार्यकारी सेवा सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। यदि इन्हें मजबूत किया जाए तो कृषि, लघु उद्योग और रोजगार सृजन को बड़ा प्रोत्साहन मिल सकता है। अंत में सभी ने एकमत से इन संस्थाओं के सशक्तिकरण के लिए समन्वय से कार्य करने का संकल्प लिया और सरकार से त्वरित ठोस कदम उठाने की मांग की।

# बौद्ध समाज ऑफ़ इंडिया राजरत्न अंबेडकर ने भारतीय बौद्ध महासभा डिस्ट्रिक्ट- गोंदिया जिला कार्यकारिणी की नियुक्ति..

### अध्यक्ष सुनील आवळे गोंदिया..

### महासचिव सुरेंद्र कुमार भी. खोबरागड़े आमगांव..


अध्यक्ष-सुनिल आवळे


महासचिव- सुरेंद्रकुमार खोब्रागडे

जगप्रेरणा आमगांव।

***भारतीय बौद्ध महासभा जिला गोंदिया की नई जिला कार्यकारिणी रेस्ट हाउस गोंदिया में विभागीय अध्यक्ष विजय बंसोड़ वडसा, राज्य कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र चाहंदे नागपुर,***

विभागीय सचिव पफुल भालेराव गोंदिया की मौजूदगी में बनाई गई। अध्यक्ष- सुनील आवळे गोंदिया। महासचिव- सुरेंद्र कुमार भि. खोबरागड़े आमगांव। उपाध्यक्ष- चंद्रशेखर चौहान गोंदिया उपाध्यक्ष जयेंद्रताई सुखदेवे - अर्जुनी/मो.। कोषाध्यक्ष- संतोष राउत सड़क/अर्जुनी। मुख्य संघटक- दीपक बोरकर गोंदिया। संस्कार समन्वयक- नरेश मेश्राम गोंदिया। विहार समन्वयक- भूपेंद्र के. वैद्य गोंदिया। मीडिया समन्वयक- योगेश राउत गोंदिया सहसचिव- शिवदास साखरे अर्जुनी/ रोड। सहसचिव- अशोक रा. शहारे अर्जुनी /मोर। सहसघठंक- जितेंद्र घरडे गोंदिया। सदस्य- निशा जनबंधु सालेकसा, कामिनी गणवीर गोरेगांव, प्रज्ञा बंसोड़ अर्जुनी रोड, शारदा कोटांगले आमगांव, रामलाल शहारे रोड/अर्जुनी, कुंती नंदेश्वर देवरी। सिद्धार्थ भोतमांगे गोरेगांव, अनिरुद्ध शहारे नवेगांवबांध मोरगांव अर्जुनी को नियुक्ती किया गया। इनमें जिले के तालुका अध्यक्ष तथा डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर मालिस्टेट को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड (एएमएससी) के अध्यक्ष देवानंद शहारे तिरोड़ा तथा राज्य सदस्य महेंद्र मेश्राम गोंदिया तथा जिले के सभी तालुकाओं से अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डी डी नेशनल के राष्ट्रीय चैनल डी डी भारती पर कवि हेमंत ईमानदार

जगप्रेरणा सालेकसा।

***'काव्य धारा' के इस विशेष अंक में, हम आपके लिए लेकर आ रहे हैं देश के उभरते हुए और अत्यंत प्रतिभाशाली कवि, कवि हेमंत 'ईमानदार' को।***




उनकी कविताएं सीधे दिल को छूती हैं और समाज के विभिन्न पहलुओं पर एक गहरा और विचारोत्तेजक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं। कवि हेमंत ईमानदार, महाराष्ट्र के एक छोटे से गाँव से आते हैं, लेकिन उनकी कविता ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है।इस 'कवि सम्मेलन' में, कवि हेमंत ईमानदार अपनी कुछ सबसे प्रसिद्ध कविताओं का पाठ करेंगे।

यदि आप कविता के प्रति प्रेम रखते हैं और एक ऐसे कवि को सुनना चाहते हैं जो अपनी कला और ईमानदारी के प्रति समर्पित है, तो कवि हेमंत ईमानदार के 'कवि सम्मेलन' को देखना न भूलें।

**महत्वपूर्ण जानकारी:** दिनांकः 11 अप्रैल 2026, समयः दोपहर 12 बजे। स्थानः दूरदर्शन केंद्र, दिल्ली। प्रसारणः दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल, डीडी भारती पर।

# किडंगीपार शराबबंदी के मुख्य प्रदर्शनकारी 3 दिन की पुलिस कस्टडी में..

जगप्रेरणा आमगांव।

***संतोष दोनोडे, श्रीमती चारुलता दोनोडे और कुमारी वैष्णवी दोनोडे के खिलाफ पुलिस के साथ बदतमीजी करने और सरकारी काम में रुकावट डालने का केस दर्ज किया गया है। पुलिस जब तालुका के किडंगीपार में शराब की दुकान को हमेशा के लिए बंद करने के लिए***

प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को नोटिस देने गई थी, तो उन्होंने पुलिस के साथ बदतमीजी की और सरकारी काम में रुकावट डाली उन्हें 10 तारीख तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया था आज जब उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, तो कोर्ट ने उन्हें 13 अप्रैल तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया

और 6 अप्रैल को गुस्साई भीड़ ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर पत्थर फेंके इस हिंसक झड़प में 6 पुलिस अधिकारी और 35 कर्मचारी घायल हो गए, जिनमें कई गांववाले भी शामिल थे। पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए लाठीचार्ज किया। पुलिस पर पथराव करने वाले महिला-पुरुष समेत करीब 60 से 70 लोगों के खिलाफ धारा 132,221(1), 121(2),352,189(2),189(3),189(4),191 ,191(1) 191(2) 191(3), 61(2), 126(2) आईपीसी की धारा 135 एमपीओसीए के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदर्शनकारियों ने 10 अप्रैल को होने वाले चक्का जाम व रेलवे जाम आंदोलन को फिलहाल वापस ले लिया है तथा ग्रामीणों से शराबबंदी के लिए वार्ड क्रमांक छह में जल्द से जल्द चुनाव प्रक्रिया कराने तथा मामले की निष्पक्ष समीक्षा कर स्थानीय नागरिकों पर दर्ज मामले वापस लेने का पुरजोर अनुरोध किया है।

आज का रेल रोको एवं रास्ता रोको आंदोलन फिलहाल किडंगीपार के ग्रामीण ने वापस ले लीया कितु बावुजुद इसके आज 10 एप्रिल को पुलिस ने ऐतिहात के तौर पर तगडा पोलिस बंदोबस्त तैनात किया था रेल्वे ने भी रेल रोको आंदोलन के चलते रेल पुलिस ने भी तगडा पोलिस बंदोबस्त तैनात किया था आज पुरी तरह शांती रही अब आगे प्रशासन क्या भुमिका लेती है आनेवाले दिनो मे ही पता चलेगा।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें।।
मो। 9329033433

# गाड़ी संख्या 11702/11701 (जबलपुर - रायपुर - जबलपुर) मूक माटी एक्सप्रेस में 2 अतिरिक्त कोच की सुविधा..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की बेहतर यात्रा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु***

पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 11702/ 11701 जबलपुर- रायपुर - जबलपुर मूक माटी एक्सप्रेस में स्थायी रूप से कोच बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस वृद्धि से यात्रियों को अधिक बर्थ और आरामदायक यात्रा की सुविधा मिलेगी।

### रेलवे प्रशासन के अनुसार, इस ट्रेन की संरचना में यह बदलाव दो चरणों में प्रभावी होगा..

प्रथम चरण - दिनांक (13.04.2026 से) ट्रेन में कोच की कुल संख्या 16 से बढ़ाकर 18 कर दी जाएगी। जिसमें - वातानुकूलित चेयर कार - 01, द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित - 01, तृतीय श्रेणी वातानुकूलित - 01, द्वितीय श्रेणी शयनयान - 01, द्वितीय श्रेणी आरक्षित सीट - 04, सामान्य / अनारक्षित - 08, दिव्यांग अनुकूल सह गार्ड - 01, एवं जनरेटर कार - 01 सहित कुल 18 कोच है।

द्वितीय चरण - दिनांक (14.05.2026 से) कोच की कुल संख्या 18 बनी रहेगी, लेकिन उनकी श्रेणियों में संशोधन किया जाएगा। जिसमें - वातानुकूलित चेयर कार - 01, द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित - 01, तृतीय श्रेणी वातानुकूलित - 02, द्वितीय श्रेणी शयनयान - 01, द्वितीय श्रेणी आरक्षित सीट - 04, सामान्य / अनारक्षित - 07, दिव्यांग अनुकूल सह गार्ड - 01, एवं जनरेटर कार- 01 सहित कुल 18 कोच है।

यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पहले अपनी टिकट की श्रेणी और कोच संख्या की जांच अवश्य कर लें।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### जय भोले इलेक्ट्रानिक्स दुकान के सामने से मोटर सायकल चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/4/2026 के सुबह 8 बजे से दिनांक 9/4/2026 के 10 बजे के दरम्यान कुडवा लाईन मे फर्यादी पंकज अंकलेश्वर शुक्ला उम्र 48 वर्ष निवासी राधाकृष्ण वार्ड गोंदिया को नागपुर कुछ काम से जाना पडा उन्होंने घटना तारीख के दरम्यान अपनी स्प्लेंडर क्रमांक एम एच 35 ए झेड 6537 किमत 80 हजार रुपये की जय भोले इलेक्ट्रानिक्स के सामने रखी थी जब नागपुर से वापस आकर देखा तो मोटरसायकल वहा नही थी। किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 300/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा शेंडे 330 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### मोटरसायकल स्लिप होकर गिरे युवक की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत ॲक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 9/4/2026 के रात 11 बजे के दरम्यान ग्राम सुकडी मे फर्यादी प्रकाश अरुण शेंडे उम्र 27 वर्ष निवासी सुकळी अपने घर पर थे। उन्हे रिश्तेदार का फोन आया की आपके महालपे भाई राकेश विजय शेंडे उम्र 30 वर्ष की मेंढा रोड पर अक्सीडेंट मे मौत हो गई है। फर्यादी ने जानकारी मिलते ही जाकर देखा तो मृतक राकेश अपनी हिरो कंपनीकी एच एफडिलक्स क्रमांक एम एच 35 क्यु 5850 से तिरोडा आ रहा था। उसकी गाडी स्लिप होकर वह निचे गिरा सर मे गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। फर्यादी के बयान पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 373/2026 धारा 106,1, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत दर्ज कर जाँच पोऊपनी तेजस कोंडे पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### घर से निकल जा बोलकर भाई ने भाई पे चलाई लाठी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 9/4/2026 के 11 बजे के दरम्यान फर्यादी कृष्णा नागोजी रहांगडाले उम्र 31 वर्ष निवासी माल्ही अपने घर पर थे। जहा भाई शराब के नशे मे आकर गालीगलौच कर रहा था। फर्यादी ने कहा क्यो गाली दे रहा है, तो आरोपी ने लकडी से मारपीट की और कहा तु यहा से निकल जा ये घर मेरा है और धमकी देने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 372/2026 धारा 118,1, 352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा संजु बांते 1202 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### तबीयत खराब हुवे युवती की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24//3/2024 के रात मे विनीता लिखेन्द्र जैतवार उम्र 21 वर्ष निवासी जब्बारटोला की तबीयत खराब हुई। पेट दुखने की वजह से उसे किंगजवे हास्पीटल नागपुर मे भर्ती कराया गया था। जहा वायरल हेपेटायटस बिमारी के चलते उसकी मौत हो गई। पोस्टे नागपुर से मर्ग के कागजपत्र पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे प्राप्त होने से पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अकस्मात मौत क्रमांक 07/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा बहेकार 080 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सुरक्षा बल नागपुर की तत्परताः

# वंदे भारत में खोई सोने की बाली 'ऑपरेशन अमानत' के तहत यात्री को लौटाई..

### 'ऑपरेशन अमानत की सफलताः वंदे भारत एक्सप्रेस में खोया कीमती आभूषण सुरक्षित बरामद'




जगप्रेरणा गोंदिया।

***दिनांक 08.04.2026 को गाड़ी संख्या 20826 वंदे भारत एक्सप्रेस में एक महिला यात्री के कान की सोने की बाली खो जाने की शिकायत रेलमदद पोर्टल के माध्यम से***

प्राप्त हुई। इस पर रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के अनुरक्षण दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ÷ऑपरेशन अमानत÷ के तहत बाली को खोजकर संबंधित यात्री को सुरक्षित सुपुर्द कर अपनी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट परिचय दिया।

रेलवे में यात्रा के दौरान अक्सर यात्री अपना सामान ट्रेन या रेलवे परिसर में भूल जाते हैं अथवा खो देते हैं। ऐसी स्थिति में यात्री रेल मदद (139), रेलवे सुरक्षा बल, जी आर पी या अन्य रेलवे कर्मचारियों के माध्यम से शिकायत दर्ज कराते हैं। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए 'ऑपरेशन अमानत' के अंतर्गत खोए या छूटे सामान की खोजबीन कर उसे सही मालिक तक पहुँचाने की कार्रवाई की जाती है।

श्री दीप चंद्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, नागपुर मंडल के मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत ट्रेनों एवं रेलवे परिसरों में मिले अथवा खोजे गए सामान को सत्यापन उपरांत संबंधित यात्री को सौंपा जाता है।

इसी क्रम में प्राप्त शिकायत के अनुसार, शिकायतकर्ता की माता श्रीमती चित्रा, जो नागपुर से गोंदिया तक यात्रा कर रही थीं, उनका एक सोने का ईयररिंग यात्रा के दौरान कहीं गिर गया था। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल अनुरक्षण दल में तैनात आरक्षक वी.पी. सिंह ने तत्काल कोच संख्या **E-1** में खोजबीन कर उक्त सोने की बाली बरामद की। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत सुरक्षा नियंत्रण कक्ष नागपुर एवं रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोंदिया को दी।

दिनांक 09.04.2026 को गाड़ी संख्या 22647 तिरुअनंतपुरम एक्सप्रेस से वापसी के दौरान उक्त बाली **RPF** पोस्ट गोंदिया को सुपुर्द की गई। सूचना मिलने पर शिकायतकर्ता श्री मनोज जेठानंद मनुजा (उम्र 44 वर्ष, निवासी हरिकाशी नगर, गोंदिया) रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोंदिया में उपस्थित हुए। आवश्यक सत्यापन के पश्चात लगभग 36,000 रू. मूल्य की सोने की बाली उन्हें सुरक्षित वापस सौंप दी गई।

यात्री द्वारा रेलवे सुरक्षा बल अनुरक्षण दल एवं रेलवे सुरक्षा बल गोंदिया के इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया गया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों से अपील की गई है कि यात्रा के दौरान अपने सामान की सुरक्षा का ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की असुविधा या सामान खोने की स्थिति में तुरंत रेलमदद हेल्पलाइन 139 या निकटतम रेलवे अधिकारी से संपर्क करें।

# एलटीटी-हावड़ा-एलटीटी के मध्य 01-01 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है वाणिज्यिक ठहराव..

जगप्रेरणा गोंदिया।

ग्रीष्मकालीन के दौरान यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से एलटीटी-हावड़ा-एलटीटी के मध्य 01-01 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।

गाड़ी संख्या 01145 एलटीटी-हावड़ा स्पेशल ट्रेन एलटीटी से दिनाँक 14 अप्रैल 2026 (मंगलवार) को चलेगी 7 इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01146 हावड़ा-एलटीटी स्पेशल ट्रेन हावड़ा से दिनाँक 16 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को चलेगी 7 इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है।

### गाड़ी की समय सारिणी..

गाड़ी संख्या 01145 एलटीटी-हावड़ा स्पेशल ट्रेन एलटीटी से दिनाँक 14 अप्रैल 2026 (मंगलवार) को 20.15 बजे रवाना होगी तथा ठाणे आगमन 20.40 बजे, प्रस्थान 20.43 बजे, कल्याण आगमन 21.07 बजे, प्रस्थान 21.10 बजे दूसरे दिन नासिक रोड आगमन 00.15 बजे, प्रस्थान 00.18 बजे, भुसावल आगमन 03.35 बजे, प्रस्थान 03.40 बजे, अकोला आगमन 05.55 बजे, प्रस्थान 05.57 बजे, बडनेरा आगमन 07.55 बजे , प्रस्थान 07.58 बजे, नागपुर आगमन 10.15 बजे, प्रस्थान 10.20 बजे, गोंदिया आगमन 12.04 बजे, प्रस्थान 12.06 बजे, दुर्ग आगमन 14.15 बजे, प्रस्थान 14.20 बजे, रायपुर आगमन 14.55 बजे, प्रस्थान 15.00 बजे, बिलासपुर आगमन 16.45 बजे, प्रस्थान 16.55 बजे, झारसुगुड़ा आगमन 20.08 बजे, प्रस्थान 20.10 बजे, राउरकेला आगमन 21.40 बजे, प्रस्थान 21.48 बजे, चक्रधरपुर आगमन 23.30 बजे, प्रस्थान 23.35 बजे तीसरे दिन टाटानगर आगमन 00.30 बजे, प्रस्थान 00.35 बजे, खड़गपुर आगमन 02.45 बजे, प्रस्थान 02.50, सांतरागाछी आगमन 05.00 बजे, प्रस्थान 05.05 बजे होते तथा 06.00 बजे हावड़ा स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01146 हावड़ा-एलटीटी स्पेशल ट्रेन हावड़ा से दिनाँक 16 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को 14.45 बजे रवाना होगी तथा सांतरागाछी आगमन 15.45 बजे, प्रस्थान 15.50 बजे, खड़गपुर आगमन 17.15 बजे, प्रस्थान 17.20 बजे, टाटानगर आगमन 19.30 बजे, प्रस्थान 19.35 बजे, चक्रधरपुर आगमन 20.50 बजे, प्रस्थान 20.55 बजे, राउरकेला आगमन 22.20 बजे, प्रस्थान 22.28 बजे दूसरे दिन झारसुगुड़ा आगमन 00.05 बजे, प्रस्थान 00.07 बजे, बिलासपुर आगमन 03.15 बजे, प्रस्थान 03.25 बजे, रायपुर आगमन 05.10 बजे, प्रस्थान 05.15 बजे, दुर्ग आगमन 06.15 बजे, प्रस्थान 06.20 बजे, गोंदिया आगमन 08.28 बजे, प्रस्थान 08.30 बजे, नागपुर आगमन 10.50 बजे, प्रस्थान 10.55 बजे, बडनेरा आगमन 13.37 बजे, प्रस्थान 13.40 बजे, अकोला आगमन 14.37 बजे, प्रस्थान 14.40 बजे, भुसावल आगमन 16.40 बजे, प्रस्थान 16.45 बजे, नासिक रोड आगमन 20.00 बजे, प्रस्थान 20.03 बजे, कल्याण आगमन 22.42 बजे, प्रस्थान 22.45 बजे, ठाणे आगमन 23.05 बजे, प्रस्थान 23.08 बजे होते हुये 23.45 बजे एलटीटी स्टेशन पहुंचेगी ।

**कोच संरचना..** इस स्पेशल ट्रेन में 01 एसएलआरडी, 01 पावर कार, 04 जनरल, 03 स्लीपर, 09 एसी- **III,** 02 एसी-**II** कोच सहित कुल 20 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उक्त स्पेशल ट्रेन के समय-सारिणी और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया **www.enquiry.indianrail.gov.in** पर जाएं या **NTES** ऐप डाउनलोड करें।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555


## महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर भव्य बाइक रैली आज..



जगप्रेरणा गोंदिया।
***क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में गोंदिया शहर में आज 11 अप्रैल को एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली सुबह 10:00 बजे भीमनगर मैदान से प्रारंभ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और समाज के लोग उत्साहपूर्वक शामिल होंगे।***

इस कार्यक्रम का उद्घाटन मा. तरुण देशमुख (जिला महासचिव, मरार समाज कल्याण समिति, गोंदिया) करेंगे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद भावे अध्यक्ष प.पू. डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सार्व, जयंती उत्सव समिति, करेंगे। इस अवसर पर वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले के सामाजिक कार्यों और उनके द्वारा किए गए समाज सुधार के प्रयासों को याद करते हुए उनके विचारों को अपनाने का संदेश दिया जायेगा। रैली का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और युवाओं को सामाजिक कार्यों के प्रति प्रेरित करना है। रैली का समापन मरार समाज भवन, बापू नगर, बायपास रोड, मरारटोली, गोंदिया में किया जायेगा।

## गोंदिया जिले में स्थित नवेगांव - नागझिरा वन्यजीव अभयारण्य : प्रकृति की अद्भुत देन..







जगप्रेरणा गोंदिया।
***महाराष्ट्र के गोंदिया जिला और भंडारा जिला में फैला घना जंगल क्षेत्र, नवेगांव-नागझिरा वन्यजीव अभयारण्य प्रकृति प्रेमियों और वन्यजीव पर्यवेक्षकों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। इस अभयारण्य का लगभग 70 प्रतिशत भाग गोंदिया जिले में और 30 प्रतिशत भाग भंडारा जिले में स्थित है। यह क्षेत्र पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।***

घने जंगल, समृद्ध जैव विविधता और विविध वन्यजीवों के कारण यह अभयारण्य प्रकृति के सान्निध्य का अनूठा अनुभव प्रदान करता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और वन्यजीवों की उपस्थिति हर पर्यटक को मंत्रमुग्ध कर देती है।

यह अभयारण्य इको-टूरिज्म के लिए भी एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। यहां वन संरक्षण से जुड़े कई प्रयास किए जा रहे हैं, जैसे चितमपल्ली निसर्ग स्कूल के माध्यम से लोगों को जैव विविधता का महत्व समझाना और स्थानीय समुदाय की भागीदारी बढ़ाना। वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक कैमरे लगाए गए हैं तथा जलस्रोतों का निर्माण किया गया है।

अभयारण्य के मध्य में स्थित प्राचीन नाग मंदिर इसकी विशेष पहचान है। ÷झिरा÷ शब्द का अर्थ जल स्रोत होता है, जिससे इस स्थान का नाम नागझिरा पड़ा। यहां सागवान के वृक्ष प्रमुख रूप से पाए जाते हैं, साथ ही ऐन, हल्दू, धावड़ा और बांस की भी भरपूर मात्रा है। इस क्षेत्र में बाघ, तेंदुआ, भालू, जंगली कुत्ते, गौर, सांभर, चीतल, नीलगाय, जंगली सूअर, लोमड़ी, चमगादड़ और पैंगोलिन जैसे कई वन्यजीव पाए जाते हैं। इसके अलावा अजगर, नाग, घोणस जैसे 48 प्रकार के सरीसृप तथा मोर, गरुड़ और बार-हेडेड गूज सहित लगभग 125 प्रजातियों के पक्षी यहां निवास करते हैं। 1 अप्रैल 2026 से इस अभयारण्य के कोर (गाभा) और बफर क्षेत्र को एकीकृत कर दिया गया है, जिससे नवेगांव-नागझिरा टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल बढ़कर 1850 वर्ग किलोमीटर हो गया है। पहले कोर क्षेत्र 650 वर्ग किलोमीटर था, जिसमें अब 1200 वर्ग किलोमीटर का बफर क्षेत्र भी शामिल कर लिया गया है। इस निर्णय के तहत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नए प्रवेश द्वार भी बनाए जाएंगे। गोंदिया जिले के पांगड़ी, जांभली और मुरदोली तथा भंडारा जिले के गडेगांव में नए गेट विकसित किए जाएंगे। इससे पर्यटकों को अलग-अलग मार्गों से सफारी करने का अवसर मिलेगा। इस परियोजना से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। साथ ही कैमरा ट्रैपिंग, नियमित गश्त, मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन और जल संरक्षण जैसे कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे में महाराष्ट्र के पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों को इस अद्भुत अभयारण्य की यात्रा अवश्य करनी चाहिए, जहां वे जंगल सफारी के माध्यम से वन्यजीवों और प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद ले सकते हैं।

### डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति के तत्वाधान में

## गोंदिया शहर में धुमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाई जायेगी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती..

### 14 अप्रैल को होंगे सुबह से रात तक अनेक कार्यक्रम..



जगप्रेरणा गोंदिया।
***गोंदिया शहर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प.पू. डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति के तत्वाधान में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती धुमधाम से मनाई जायेगी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाबासाहेब की जयंती पर 5 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित***

किये जा रहे हैं, तथा मुख्य समारोह एवं अनेक कार्यक्रमों के आयोजन 14 अप्रैल को संपन्न होंगे। आयोजन समिति की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8:00 बजे रामनगर चौक से बुद्धवंदना और विशाल महारैली के साथ होगी। इसके पश्चात दिनभर विभिन्न सांस्कृतिक और सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। सुबह 10:30 बजे नागपुर के कलाकारों द्वारा भीम गीतों का संगीतमय प्रबोधनात्मक कार्यक्रम भीम ज्वाला प्रस्तुत किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर 1:00 बजे सत्कार समारोह कार्यक्रम में समाज के गौरव, विभिन्न संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गुणवान विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार 14 अप्रैल 2026 को दोपहर 2:00 बजे से कांशीराम परिसर, सुभाष स्कूल मैदान में आयोजित समारोह में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एड. सत्यप्रकाश और ओबीसी राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य इंजि. महेंद्रसिंह लोधी उपस्थित रहकर जनसमूह को संबोधित करेंगे। आयोजन समिति ने सभी नागरिकों से भारी संख्या में उपस्थित होकर इस राष्ट्रीय उत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

### व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

## जिले के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने शासन प्रतिबद्ध – डॉ. मंगेश गोंदावले




जगप्रेरणा गोंदिया।
***गोंदिया जिले के अंतिम छोर पर रहने वाले नागरिकों तक भी शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में देवरी तालुका के बोरगांव/बाजार में 'महाराजस्व समाधान शिविर' का आयोजन किया गया। यह जानकारी जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले ने दी।***

शिविर में जिलाधिकारी के हस्ते लाभार्थियों को विभिन्न प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। देवरी तालुका में आयोजित इस शिविर में कुल 714 लाभार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में संजय पुराम, उपविभागीय अधिकारी कविता गायकवाड़, तहसीलदार शुभम पाटील, अप्पर तहसीलदार नवनाथ कातगडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों की अधिकतम समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित समाधान करना है, जिससे उन्हें सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नागरिक इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएंगे। शिविर में आदिवासी विकास परियोजना के अंतर्गत जानकारी देने के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए थे। साथ ही आदिवासी नागरिकों में एनीमिया और सिकल सेल की जांच भी की गई।

जिले के विभिन्न तालुकों में आयोजित शिविरों में कुल 7,654 प्रकरणों का निपटारा किया गया। इसमें अर्जुनी मोरगांव में 1,497, गोंदिया में 476, तिरोडा में 3,328, गोरेगांव में 510 लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरण, आमगांव में 159, सालेकसा में 831 तथा सडक अर्जुनी में 139 प्रकरणों का समाधान किया गया। इन शिविरों में फेरफार दाखले, 7/12 सुधार, डिजिटल 7/12, 8-अ उतारा, विभिन्न प्रमाणपत्र, एक खिड़की योजना के आवेदन, भूसंपादन और अकृषिक अनुमति से जुड़े मामलों का निपटारा किया गया।

**Wanted**

Shri Gujarati Rashtriya Kelawani Mandal, Gondia

**Application are invited for the posts of**
**1) Head Master**
**2) Teacher**
**3) Sports Teacher**

| S.No. | Post | Subject | Qualification | Classes | No. of Posts |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Head Master | --- | P.G. + B.Ed. | | 1 |
| 2 | Teacher | Marathi | B.A./M.A. + B.Ed. | 5th To 7th Class | 1 |
| 3 | Teacher | Hindi | B.A./M.A. + B.Ed. | 5th To 7th Class | 1 |
| 4 | Teacher | S. Studies | B.A./M.A. + B.Ed. | 5th To 7th Class | 1 |
| 5 | Sports Teacher | Games & Sports | B.P. Ed. | | 1 |

- For the post of Head Master minimum 10 years experience required.
- Salary will be as per educational qualification and experience.
- Eligible candidates should apply in one's own handwriting on or before 15th April 2026
- Personal interview: on 18th April 2026 at 10:30 AM in Gujarati School Campus, Gondia.

Ajaybhai Vadera
Secretary
Shri Gujarati Rashtriya Kelawani Mandal, Gondia

गोंदिया में.. दैनिक
जग प्रेरणा
में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
आशीष वर्मा (प्र.सं.)
09329033433
संजीव बापट (शहर प्रतिनिधि)
09922607145
कार्यालय - सांई रोजगार, एनएमडी कॉलेज के पास, गोंदिया

उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता के 24 वर्ष..
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुलव्याध (बवासीर) फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा संशोधन केन्द्र
• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)
• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्द रहित सफल चिकित्सा..
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता..
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 09823021274
साकेत पब्लिक स्कूल के पास, गणेश नगर गोंदिया (महा.) मो. 09823021274

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक – स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक – आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल – jagprernaw@gmail.com